हिन्दी दैनिक

जौनपुर, लखनऊ व भदोहीं से प्रकाशित

# देश की उपासना

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

dku live & dkunews24

वर्ष : 03 अंक–263 : जौनपुर, गुरूवार 27 जनवरी 2022 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –8 मूल्य : 2 रूपया


## 26 जनवरी: राजपथ पर दिखी काशी विश्वनाथ धाम की झांकी : 13 दिंसबर को पीएम ने किया था लोकार्पण

वाराणसी ब्यूरो : गणतंत्र दिवस की परेड में काशी विश्वनाथ धाम की झांकी दिखी । काशी की संस्कृति के साथ ही बाबा के धाम का आकर्षण हर किसी को अपनी तरफ अर्कषित करता रहा। यह दूसरा अवसर पर है जब बनारस से जुड़ी झांकी राजपथ पर नजर आई। इसके पूर्व महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ की झांकी को गणतंत्र दिवस की परेड में शामिल किया जा चुका है। उत्तर प्रदेश की झांकी में बाबा के धाम की झांकी और बनारस के घाट पर संस्कृति की झलक को प्रमुख रूप से शामिल किया गया । सोमवार को रिहर्सल के दौरान गंगा स्नान करते साधु और पूजन करते हुए बटुकों का दल झांकी का हिस्सा रहा। प्रदेश की झांकी में इस बार काशी विश्वनाथ धाम के अलावा एक जिला एक उत्पाद को शामिल किया गया है। झांकी में बाबा काशी विश्वनाथ के दरबार के साथ ही धर्म नगरी काशी की परंपरा, कला और संस्कृति के रंग मां गंगा के संग नजर आएंगे। 13 दिसबर को पीएम मोदी ने किया था लोकार्पण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 13 दिसबर को 700 करोड़ की लागत से 33 महीने में तैयार हुआ श्री काशी विश्वनाथ धाम विश्व को समर्पित किया। धाम में बालेश्वर, मकराना, कोटा, ग्रेनाइट, चुनार, मैडोना स्टोन, मार्बल सात तरह के पत्थर इस्तेमाल हुए हैं।8 मार्च 2019 को धाम का शिलान्यास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 8 मार्च 2019 को काशी विश्वनाथ धाम का शिलान्यास किया था। धाम के लिए जमीन खरीदने में लगभग 400 करोड़ रुपये खर्च हुए, निर्माण कार्य में अब तक लगभग 339 करोड़ रुपये खर्च हुए। बाबा विश्वनाथ का धाम 50,200 वर्ग मीटर जमीन में बन रहा है। अभी दूसरे चरण का काम जारी है।गंगा छोर पर गेटवे ऑफ कॉरिडोर काशी विश्वनाथ धाम के गंगा छोर पर गेटवे ऑफ कॉरिडोर बना है। सड़क से गंगा तट मणिकर्णिका घाट जलासेन और ललिता घाट तक 50,200 वर्ग मीटर में विस्तारित कॉरिडोर बना है। काशी में बाबा विश्वनाथ के दर्शन से पहले गंगा स्नान या आचमन की मान्यता है। इस बात को ध्यान में रखते हुए जलासेन घाट पर बनाए जा रहे गेट को खास रूप दिया गया है। इसकी ऊंचाई 32 फीट व चौड़ाई 90 फीट है। मंदिर परिसर में प्रवेश



के लिए चार द्वार बनाए गए हैं। पहला चरण काशी विश्वनाथ धाम परियोजना को दो चरणों में पूरा किया जा रहा है। 13 दिसंबर को पीएम मोदी के हाथों पहले चरण की परियोजना लोकार्पित हो गई। इसमें मंदिर परिसर के साथ ही मुमुक्षु भवन, यात्री सुविधा केंद्र, वैदिक केंद्र, गंगा व्यू गैलरी, भोगशाला, फूड कोर्ट सेंटर, सुरक्षा केंद्र और मंदिर चौक सहित 19 भवन यात्री सुविधाओं के लिए तैयार किए गए हैं। दूसरे चरण में ये काम होंगे पूरे मंदिर चौक से विश्वनाथ धाम परिसर के साथ ही गंगा दर्शन किए जा सकेंगे। दूसरे चरण में जलासेन घाट और ललिता घाट से रैंप का निर्माण, एस्केलेटर, सांस्कृतिक केंद्र आदि का निर्माण किया जा रहा है।241 साल बाद बाबा के धाम का नया स्वरूप गंगा तट से मंदिर के गर्भगृह तक बने काशी विश्वनाथ धाम का यह नया स्वरूप 241 साल दुनिया के सामने आ रहा है। इतिहासकारों के अनुसार श्री काशी विश्वनाथ मंदिर पर वर्ष 1194 से लेकर 1669 तक कई बार हमले हुए। 1777 से 1780 के बीच मराठा साम्राज्य की महारानी अहिल्याबाई होलकर ने मंदिर का जीर्णोद्धार कराया था। ढाई दशक बाद पीएम मोदी ने आठ मार्च 2019 को मंदिर के इस भव्य दरबार का शिलान्यास किया ।यूपी की झांकी को इस तरह से तैयार किया गया था कि, जिससे बाबा काशी विश्वनाथ के दरबार के साथ धर्म की नगरी काशी की परंपरा तथा संस्कृति दिखाई दी। यूपी के अलावा उत्तराखंड, अरुणाचल प्रदेश, हरियाणा, छत्तीसगढ़, गोवा, गुजरात, जम्मू–कश्मीर, कर्नाटक, महाराष्ट्र, मेघालय और पंजाब की झांकियों को शामिल किया गया ।

## संविधान 26 जनवरी सन 1950 को लागू हुआ उसी दिन से हम लोग गणतंत्र दिवस मनाते चले आ रहे हैं

आर एल पाण्डेय लखनऊ। आज 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के अवसर पर सार्वजनिक शिक्षोन्नयन संस्थान संस्थान के निदेशक डॉ.शीर्षेन्दु शील"विपिन" द्वारा ध्वजारोहण किया गया । संस्थान के द्वारा संचालित विभिन्न परियोजनाओं के बारे में जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि संस्थान शिक्षा के क्षेत्र में ही नहीं वरन सेवा के क्षेत्र में भी अग्रणी भूमिका निभा रहा है । जिसमें विभिन्न जनपदो में वृद्धाश्रम संचालित किए जा रहे हैं जहां पर विभिन्न प्रकार के निराश्रित पुरुष व महिलाएं परिवार तुल्य रहकर सेवा का लाभ प्राप्त कर रहे हैं। इन लाभार्थियों को निःशुल्क भोजन, आवास के साथ चिकित्सा की व्यवस्था भी निःशुल्क है । संस्थान द्वारा सेवा के क्षेत्र में राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त किया जा चुका है । इस अवसर पर महाविद्यालय के वरिष्ठ प्रवक्ता डॉ शशि कांत पांडे द्वारा गणतंत्र दिवस के बारे में जानकारी दी गई कि हमारा देश अनेक वर्षो की गुलामी के पश्चात आजाद हुआ। आजादी के बाद पदाधिकारियों ने आपस में विचार विमर्श करते हुए संविधान निर्माण की बात कही संविधान निर्माण के लिए प्रारूप समिति का गठन किया गया । जिसके अध्यक्ष डॉक्टर भीमराव अंबेडकर को नियुक्त किया गया। संविधान 2 वर्ष 11 माह 18 दिन में बनकर तैयार हुआ । जिसमें विभिन्न नियम और शर्तें रखी गई जिसके जिसके तहत सभी को समान पुरस्कार व दंड की बात कही गई । संविधान 26 जनवरी सन 1950 को लागू हुआ उसी दिन से हम लोग गणतंत्र दिवस मनाते चले आ रहे हैं इस अवसर पर वृद्धाश्रम के समस्त वृद्धजन व समस्त स्टाफ सहित संस्थान के अनेक सदस्य व महाविद्यालय परिवार के संजय श्रीवास्तव, संजीव अस्थाना ,नीरज शुक्ला ,सुनीता , किरण , मेघा, पारुल, नैतिक, आकांक्षा सहित समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे। संचालन डॉ रश्मि द्विवेदी बी.एड. विभागाध्यक्ष ने किया। कार्यक्रम के पश्चात उपस्थित सभी वृद्धजनों को व उपस्थित सभी व्यक्तियों को मिष्ठान



वितरण किया गया । देश की एकता अखंडता को बनाए रखते हुए सभी के उज्जवल भविष्य की कामना की गई।

## पीयू में धूमधाम से मनाया गया गणतंत्र दिवस समारोह

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में बुधवार को गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान सरस्वती सदन में कुलपति प्रो. निर्मला एस. मौर्य ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों और नारी शक्ति समेत 75 से अधिक लोगों को कुलपति ने सम्मानित किया। समारोह में विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. निर्मला एस. मौर्य ने सभी को गणतंत्र दिवस की बधाई देते हुए कहा कि देश के विकास के बारे में सोचने से ही राष्ट्र की उन्नति हो सकती है। उन्होंने कहा कि किसी भी व्यक्ति की पहचान उसके काम से होती है न की उसके पद से। हम जिस संस्था या क्षेत्र में कार्य करते हैं वहां आदर्श के साथ–साथ यथार्थ का पालन करके उस संस्था को शीर्ष पर ले जा सकते हैं। उन्होंने मौलिक अधिकार के 11 कर्तव्यों को पढ़कर इसे हर व्यक्ति को जीवन में उतारने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा किः संविधान की सार्थकता तभी साबित होगी जब इसे लोग अपने जीवन में ईमानदारी से उतारें। इसके पूर्व कुलपति जी ने वीर बहादुर सिंह, महात्मा गांधी एवं मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। इससे पूर्व कुलपतिजी को सुरक्षाकर्मियों ने गार्ड आफ आनर दिया। इसके बाद संगोष्ठी भवन समारोह में डॉ. बीबी तिवारी, डॉ. मनोज मिश्र, डॉ. रसिकेश, परीक्षा नियंत्रक वीएन सिंह और डॉ. दीपक मौर्य ने देशभक्ति के गीत प्रस्तुत कर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। समारोह का संचालन राजनारायन सिंह ने किया। इस अवसर पर कुलसचिव महेंद्र कुमार, वित्त अधिकारी संजय राय, परीक्षा नियंत्रक श्री व्यास नारायण सिंह, प्रो. मानस पांडेय, प्रो.वंदना राय, प्रो .अविनाश पाथर्डीकर, प्रो. अजयः द्विवेदी, प्रो. एके श्रीवास्तव, प्रो.अजय प्रताप सिंह, प्रो. रामनारायण, प्रो. देवराज सिंह, डॉ.







संदीप सिंह, डॉ. मनोज मिश्र, डॉ राजकुमार, डॉ. रसिकेश, डॉ. संतोष कुमार, डॉ.मनीष कुमार गुप्ता, डॉ. प्रमोद यादव, डॉ. सुनील कुमार, डा. दिग्विजय सिंह राठौर, डॉ. प्रमोद कुमार, डॉ. अवध बिहारी सिंह, डा. जाह्नवी श्रीवास्तव, अन्नु त्यागी, डॉ. झांसी मिश्रा, डॉ विनय वर्मा, सहायक कुलसचिव अमृतलाल, बबिता सिंह, दीपक सिंह, करुणा निराला, डा. लक्ष्मी मौर्य, संतोष मौर्य, रामजी सिंह, डा. पीके सिंह कौशिक, अमलदार यादव, स्वतंत्र कुमार, रामसमुझ राम, सुबोध पांडेय, श्याम श्रीवास्तव, रजनीश सिंह, राजेश सिंह, रमेश पाल, सत्येन्द्र कुमार, ईश्वर श्रीवास्तव समेत सभी संकायाध्यक्ष, विभागाध्यक्ष, कर्मचारी और विद्यार्थी मौजूद थे।

## प्राचार्य वीके बाजपेई ने किया जवाहर नवोदय विद्यालय में ध्वजारोहण

आर एल पाण्डेय लखनऊ। जवाहर नवोदय विद्यालय पिपरसंड सरोजनी नगर में प्राचार्य वीके बाजपेई ने ध्वजारोहण किया। संचालन मिस अनुष्का राय ने किया। मास्टर सत्यम यादव, मास्टर रक्षित तिवारी ने गणतंत्र दिवस के अवसर पर अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर शिक्षक अरुण कुमार, एस एन यादव, प्रभात मारवाह उप प्रधानाचार्य ने भी अपने विचार व्यक्त किए। मास्टर आशुतोष सिंह, मास्टर सोमेंद्र मौर्या ने देशभक्ति के गीत प्रस्तुत किए। अंत में प्राचार्य वीके बाजपेई



ने सभी को शुभकामनाएं देते हुए समारोह को संबोधित किया।


26 जनवरी गणतंत्र दिवस 2022 के शुभ अवसर पर समस्त देश वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

देश की उपासना

राष्टीय हिन्दी मासिक/साप्ताहिक /दैनिक समाचार पत्र परिवार समूह

कार्यालय –उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर ,जौनपुर,उ0प्र0

सम्पर्क सूत्र– 9415034002, 7828035046


## गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर झण्डारोहण के उपरान्त छात्राओं को बांटे गये प्रशिक्षण प्रमाणपत्र

प्रयागराज डीकेयू ब्यूरो : शांति आनंद महिला कल्याण समिति के प्रांगण में मुख्य अतिथि इंजीनियर विजयानंद सिन्हा व चंद्रकांता श्रीवास्तव द्वारा झंडारोहण किया गया। इस कार्यक्रम दौरान उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों के साथ साथ अध्यक्ष अनुराधा श्रीवास्तव प्रधानाचार्य प्रीति श्रीवास्तव संस्थ के सचिव रविंद्र कुमार श्रीवास्तव संरक्षक राजेश श्रीवास्तव लीगल एडवाइजर आलोक कुमार। अन्य अतिथि गण उमेश अस्थाना, चंचल अस्थाना, राहुल अस्थाना, पवन श्रीवास्तव ने भी इस कार्यक्रम में उपस्थित होकर इस कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।



विद्यार्थियों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया जो कि बहुत सराहनीय था। कार्यक्रम के अन्त में प्रशिक्षुओं को प्रमाण पत्र भी वितरित किया गया।

### आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट या न्यूज पोर्टल और - dku live चैनल पर लॉगइन कर लाभ उठायें–प्रदेश के सभी जिले से जुडनें के लिए सम्पक करें।

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org


–संपादक


आप सभी प्रदेश तथा भदोही जनपद वासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं



–अशोक कुमार राय
सम्पादक
दै. देश की उपासना
भदोही संस्करण
स्थानीय कार्यालय–रामरायपुर भदोही, उ0प्र0
मो0–7007251230, 9415982313

आप सभी प्रदेश तथा आजमगढ़ जनपद वासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



–मन्नूलाल जायसवाल
(पत्रकार/समाजसेवी/मण्डल प्रभारी– देश की उपासना समाचार पत्र)
पता– जीयनपुर मार्केट,आजमगढ़, उ0प्र0

सार्वजनिक शिक्षोन्नयन संस्थान परिवार की ओर से गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



–डॉ सुशील चंद्र त्रिवेदी "मधुपेश"
प्रबंधक
अल्लीपुर, हरदोई उ0प्र0
मो0– 9452079330


## वेदांशिका सिटी कार्यालय पर किया गया झंडारोहण

आर एल पाण्डेय लखनऊ। गोमती नगर के वास्तु खंड कठौता झील के निकट स्थित वेदांशिका सिटी कार्यालय पर चीफ मैनेजिंग डायरेक्टर विनय कुमार कश्यप ने झंडारोहण किया। बहुजन समाज पार्टी के मुख्य



सेक्टर संयोजक लखनऊ मंडल राकेश कुमार गौतम ने कार्यक्रम की अध यक्षता की। इस अवसर पर बहुजन समाज पार्टी के मुख्य सेक्टर संयोजक विनय कश्यप, राकेश गौतम, वेदांशिका सिटी के रीजनल मैनेजर विवेक भटनागर, बृजेश कुमार कश्यप , गोविंद मिश्रा, गोविंद कश्यप कुलदीप सिंह, आशीष सिंह, राजेश शुक्ला ,प्रदीप कुमार, रत्नेश पांडे ,दीपक कश्यप, रजत तिवारी, सुरेंद्र कश्यप, विनोद रावत, सुनील कुमार श्रीवास्तव, तान्या मिश्रा, अनीता प्रभाकर, उषा निषाद, प्रवीण उपाध्याय, रोमा प्रकाश , अनुपमा पटेल, सचिन कश्यप सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।


facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram


–सुविचार–

मैं सोया और स्वप्न देखा कि जीवन आनंद है. मैं जागा और देखा कि जीवन सेवा है. मैंने सेवा की और पाया कि सेवा आनंद है।

–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

## सम्पादकीय

# अमृत महोत्सव : संविधान से मिलती है राष्ट्र को ऊर्जा

इस वर्ष हम लोग अपनी स्वतंत्रता का अमृत महोत्सव मना रहे हैं। पिछले सात दशकों में हमने अनेक क्षेत्रों में बड़ी उपलब्धियां हासिल की हैं। मैं समझता हूं कि हमारी सबसे बड़ी उपलब्धि यही है कि हम अपने गणतंत्र की गरिमा को अक्षुण्ण रख सके हैं तथा अपने देश की एकता और अखंडता को सुदृढ़ कर पाए हैं। वर्ष 1947 में हमें आजादी मिली और वर्ष 1950 में हमने अपना संविधान अपनाया तथा अपने देश को गणतंत्र घोषित किया।

तबसे लेकर अब तक जितने भी लोगों ने देश की बागडोर संभाली, मैं समझता हूं कि देश के विकास में और उसे अक्षुण्ण रखने में उन सबका योगदान रहा है। मैं इस बात से सहमत नहीं हूं कि पिछले साठ वर्षों में कुछ काम नहीं हुआ और मात्र दस वर्षों में ही देश में काम हुआ है। बेशक पिछले दस वर्षों में बहुत से काम हुए हैं, लेकिन उनसे पहले के साठ वर्षों में भी देश में बहुत से महत्वपूर्ण काम हुए हैं। उन सबके योगदान को सराहा जाना चाहिए। वे सभी राष्ट्रीय विभूतियां हैं और उन सबने देश को आगे बढ़ाने, देश का मान–सम्मान बढ़ाने का भरसक प्रयास किया।

उदाहरण के तौर पर देखें तो, एक जमाना था, जब दूध के लिए लाइनें लगती थीं, और हमारा आदमी सुबह चार बजे दूध के लिए लाइन में जाकर लगता था, तब दो बोतल या एक बोतल दूध मिलता था। लेकिन उसके बाद हमारे देश में श्वेत क्रांति हुई और हमारा देश न सिर्फ दुग्ध उत्पादन में आत्मनिर्भर बना, बल्कि दुग्ध उत्पाद का निर्यात भी करने लगा। दुग्ध उत्पादन ही नहीं, डेयरी उत्पादों के निर्यात में भी भारत दुनिया में पहले स्थान पर है।

इसके अलावा, अनाज उत्पादन की बात करें, तो मुझे याद है कि अमेरिका से खाने के लिए लाल गेहूं मंगाया जाता था। आज उस गेहूं को हमारे देश में खाने लायक नहीं समझा जाएगा, लेकिन हम वही खाते थे, क्योंकि वही उपलब्ध था। लेकिन अब देश में इतने अनाज का उत्पादन होता है कि हम उसे विभिन्न देशों में निर्यात करते हैं। विज्ञान, प्रौद्योगिकी, अंतरिक्ष, कृषि, उद्योग–धंधे सभी क्षेत्रों में हमने उल्लेखनीय सफलता हासिल की है।

देश के संविधान की प्रस्तावना में स्वतंत्रता और समानता के जो वादे किए गए थे, उस दिशा में भी हम इन लोकतांत्रिक मूल्यों को अक्षुण्ण रख सके हैं। अगर हम अपने पड़ोसी देशों की तरफ देखें, तो बोलने की स्वतंत्रता, अपना विचार रखने की स्वतंत्रता या तो बिल्कुल नहीं है या उतनी नहीं है, जितनी हमारे देश में है। हमारे देश में प्रधानमंत्री की रोजाना दिन–रात आलोचना होती है, लेकिन किसी का कुछ नहीं होता है।

मैं समझता हूं कि हमारे देश में लोगों को अभिव्यक्ति की बहुत ज्यादा स्वाधीनता है। यह व्यक्तिगत स्वतंत्रता की अति है कि देश के प्रति और सरकार के प्रति जहर उगला जाता है और उसकी भी आजादी है। स्वतंत्रता, लोकतंत्र और राष्ट्रीय एकता को हम सुरक्षित रख सके, यह हमारे गणतंत्र की बहुत बड़ी उपलब्धि है। हालांकि अब तक हमारे संविधान में 104 संशोधन हो चुके हैं, लेकिन अब भी हमारे देश में वही संविधान लागू है, जो 1950 में लागू किया गया था।

जबकि दूसरे महायुद्ध के बाद जितने संविधान लागू हुए, हमारे देश को छोड़कर अन्य देशों में या तो उन्हें खारिज कर दिया गया, या वहां पर सैन्य तंत्र लागू हो गया या नए संविधान आ गए। लेकिन हमारा संविधान देश की एकता और अखंडता के लिए शक्ति का बहुत बड़ा स्तंभ बना हुआ है, जिससे राष्ट्र को ऊर्जा मिलती है।

हालांकि विभिन्न राजनीतिक दल अपनी विचारधारा के अनुसार जब–तब यह आरोप लगाते हैं कि सरकारों ने लोकतांत्रिक संस्थाओं का क्षरण किया है, लेकिन मैं समझता हूं कि हम अपनी लोकतांत्रिक संस्थाओं को जितना स्वतंत्र और अक्षुण्ण रख पाए हैं, उतना कोई और देश नहीं रख पाया है। जहां तक धर्मनिरपेक्षता की बात है, मैं बता दूं कि संविधान में धर्मनिरपेक्षता शब्द नहीं है, बल्कि पंथ निरपेक्षता शब्द है।

इसे संविधान में आपातकाल के दौरान तुष्टिकरण की नीति के तहत संशोधन के जरिये जोड़ा गया था। सही अर्थों में अगर इसे लिया जाए, तो इसका मतलब है कि सभी धर्मों के प्रति, सभी पंथों के प्रति सरकार का एक–सा व्यवहार हो। मैं समझता हूं कि इसमें विवाद की कोई गुंजाइश नहीं है कि हमारे यहां सभी धर्म के लोगों को बराबर की धार्मिक स्वतंत्रता मिली हुई है। हमारे देश में जितने भी अल्पसंख्यक धर्म हैं, उनके प्रति अधिक सहिष्णुता दिखाई जा रही है।

हमारी संसद जनता का प्रतिनिधित्व करती है, क्योंकि जनता द्वारा चुने गए लोग संसद में कानून बनाते हैं। अब सवाल यह है कि जनता का प्रतिनिधि किसे माना जाए, क्योंकि सरकार और विपक्ष, दोनों के सांसद जनता द्वारा ही चुने जाते हैं। लोकतंत्र स्पष्ट रूप से बहुमत का शासन है, ऐसे में बहुमत की सरकार ही जनता की प्रतिनिधि है। जनता द्वारा चुने गए सांसदों के बहुमत की सरकार को जनता का प्रतिनिधि मानें या जो सत्ता परिवर्तन के लिए कुछ भी करने को तैयार हैं, उन्हें जनता का प्रतिनिधि मानें? भारी बहुमत से बनी सरकार को अगर जनता की आवाज न समझें, तो यह लोकतंत्र नहीं हुआ।

मैं समझता हूं कि पिछले सात दशकों में हमारे गणतंत्र पर आम लोगों का भरोसा काफी बढ़ा है। बीच के कुछ समय में हमने देखा कि हमारे देश में किसी भी राजनीतिक दल को बहुमत नहीं मिलता था। एक–एक वोट से सरकारें गिरीं। लेकिन अब अगर भारी बहुमत से देश में सरकारें बन रही हैं, तो इसके मायने हैं कि लोकतंत्र के प्रति आम लोगों का, पंक्ति के आखिरी व्यक्ति का भरोसा बढ़ा है।

जब बहुमत की सरकारें नहीं बनती थीं या एक–एक वोट से सरकारें गिर जाती थीं, तब कहा जा सकता था कि लोगों का लोकतंत्र पर से भरोसा उठ रहा है, लेकिन सौभाग्य से अब देश में बहुमत की सरकारें बन रही हैं और यह देश के लोकतंत्र के लिए सुखद ही कहा जाएगा। हमारे देश के गणतंत्र के समक्ष सबसे बड़ी चुनौती सांविधानिक निरक्षरता है। संविधान के बारे में लोगों में शिक्षा और चेतना का अभाव है।

मैं समझता हूं कि सांविधानिक शिक्षा देश में अनिवार्य होनी चाहिए, ताकि लोग लोकतांत्रिक मूल्यों एवं नागरिक कर्तव्यों के बारे में जान सकें। नागरिक अधिकारों की बातें होती हैं, लेकिन नागरिक कर्तव्यों की बातें नहीं होतीं। नागरिकों के मूल कर्तव्यों में सबसे पहला कर्तव्य है, संविधान के अनुदेशों का पालन करना। अब अगर संविधान के बारे में पता ही नहीं है, तो उसका अनुपालन कैसे होगा! इसलिए चाहे कोई किसी भी स्ट्रीम की पढ़ाई करे, सबके लिए संविधान की शिक्षा अनिवार्य होनी चाहिए।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

## तीसरे चौथे और पांचवें चरण की सीटों पर भाजपा के प्रत्याशी तय : आज या कल जारी हो सकती है सूची

लखनऊ ब्यूरो : भाजपा ने यूपी विधानसभा चुनाव के तीसरे चरण की 16, चौथे चरण की 20 और पांचवें चरण की 59 सीटों के लिए प्रत्याशियों का चयन कर लिया है। मंगलवार को नई दिल्ली स्थित भाजपा मुख्यालय में तीन घंटे से अधिक समय तक चली पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में प्रत्याशियों के नामों पर मुहर लगाई गई। भाजपा ने तीसरे चरण की 59 में से 16, चौथे चरण की 59 में से 20 सीटों पर प्रत्याशी अभी घोषित नहीं किए हैं। इनमें लखनऊ की 9 सीटें भी शामिल हैं। गृहमंत्री अमित शाह, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, भाजपा के चुनाव प्रभारी धर्मेंद्र प्रधान, प्रदेश प्रभारी राधा मोहन सिंह, प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, डॉ. दिनेश शर्मा और महामंत्री संगठन सुनील बंसल की मौजूदगी में 23 और 24 जनवरी को हुई कोर कमेटी की बैठक में तीसरे, चौथे और पांचवें चरण की सीटों के लिए प्रत्याशियों के चयन पर मंथन किया गया। जातिगत समीकरण, सर्वे रिपोर्ट, संगठन की रिपोर्ट के आधार पर कोर कमेटी ने प्रत्याशियों का पैनल केंद्रीय चुनाव समिति (सीईसी) के लिए प्रस्तुत किया। मंगलवार को सीईसी की बैठक में चर्चा के बाद सौ से अधिक सीटों पर प्रत्याशियों का चयन किया गया। वहीं, कुछ सीटों पर निर्णय लेने के लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा को अधिकृत किया गया। कुछ मौजूदा विधायकों और मंत्रियों की सीटें बदली जा सकती हैं। वहीं, करीब 20 फीसदी तक मौजूदा विधायकों के टिकट काटे जा सकते हैं। पार्टी सूत्रों के मुताबिक 26 या 27 जनवरी को उम्मीदवारों की सूची जारी की जा सकती है। भगवंतनगर व सरोजनीनगर सीट पर मशक्कत भाजपा के एक



पदाधिकारी ने बताया कि उन्नाव की भगवंतनगर सीट पर निर्णय लेने में मशक्कत करनी पड़ी है। भगवंतनगर से विधानसभा अध्यक्ष हृदय नारायण दीक्षित विधायक हैं। दीक्षित की उम्र 75 वर्ष होने के कारण उनका टिकट कट सकता है। दीक्षित यहां से अपने बेटे को चुनाव लड़ाना चाहते हैं। राजधानी की सरोजनीनगर सीट पर टिकट के लिए पति–पत्नी में हो रहे मुकाबले से भी पार्टी परेशान है। यहां से भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष दयाशंकर सिंह व उनकी पत्नी मंत्री स्वाति सिंह टिकट मांग रहे हैं। कोर कमेटी के कुछ सदस्य दयाशंकर के पक्ष में हैं, जबकि कुछ सदस्य मौजूदा मंत्री और विधायक होने के कारण स्वाति सिंह को ही मौका देना चाहते हैं। लखनऊ कैंट और लखनऊ पश्चिम में भी पार्टी को नए उम्मीदवार पर मशक्कत करनी पड़ रही है। सूत्रों का कहना है कि लखनऊ संसदीय क्षेत्र की सीटों का फैसला रक्षामंत्री राजनाथ सिंह पर छोड़ा गया है।

## कभी जो थे अपने वही बढ़ा रहे चुनौती : फूंक–फूंक कर कदम रख रही सपा : 15 सीटों पर फंसा पेच

लखनऊ ब्यूरो : कभी जो सपा के अपने थे। जो पार्टी के काम में जी–जान से जुटे रहते थे, वही इस बार पार्टी की चुनौती बढ़ा रहे हैं। कुछ दूसरे दल में जाकर सपा का रथ रोकने की कोशिशों में जुटे हैं, तो कुछ ऐसे भी हैं जो दल में रहते हुए चुनावी गणित बिगाड़ सकते हैं। वहीं, परंपरागत व जाति बहुल वाली सीटों पर दूसरी जाति या वर्ग के दावेदार उतारने से भी समीकरणों को लेकर जोखिम बढ़ा है। बहरहाल, पार्टी फूंक–फूंक कर कदम रख रही है। सपा ने 44 जिलों की 159 सीटों पर उम्मीदवार उतार दिए हैं। पर, दूसरी तरफ देखें तो इन्हीं जिलों की 15 सीटों पर अब तक उम्मीदवारों के नाम पर सहमति नहीं बन पाई है। इसे लेकर मंथन का दौर जारी है। पार्टी के रणनीतिकारों का मानना है कि कहीं भी एक चूक आसपास की कई सीटों को प्रभावित कर सकती है। इसीलिए जहां अंतर्द्वंद्व ज्यादा हैं, वहां के टिकट रोक लिए गए हैं। मसलन, सीतापुर जिले की सिधौली सीट पर बसपा से आए नेता ने दावा ठोका है, जबकि पुराने सपाई भी दावेदार हैं। इसी तरह लखीमपुर खीरी जिले की धौरहरा, मोहम्मदी सीट पर भी उम्मीदवार को लेकर पेच फंसा हुआ है। हरदोई जिले की सवायजपुर और बालामऊ सीट के लिए भी उम्मीदवार तय नहीं हो सके हैं। अलबत्ता, संडीला में सपा के साथ गठबंधन में शामिल सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी ने अपना उम्मीदवार उतार दिया है। उन्नाव की बांगरमऊ सीट पर भी पेच फंसा हुआ है। औरैया की बिधूना पर भी उम्मीदवार तय नहीं है। बुंदेलखंड की बबेरू, बांदा, चित्रकूट और मानिकपुर में उम्मीदवार तय करने में पसीने छूट रहे हैं। ये दल में रहकर बिगाड़ सकते हैं खेल सपा संरक्षक मुलायम सिंह यादव के खास सिपहसालार और सात बार से विधायक व सपा सरकार में मंत्री रहे फर्रुखाबाद के नरेंद्र सिंह यादव को इस बार चुनाव मैदान में नहीं उतारा गया है। उनका टिकट काट कर एक तरह से जिला पंचायत



चुनाव का बदला लिया गया है। नरेंद्र की बेटी भाजपा के समर्थन से जिला पंचायत अध्यक्ष बनी थी। पर, वह सपा में ही हैं। उनकी सीट अमृतपुर पर डॉ. जितेंद्र सिंह यादव को उतारा गया है। नरेंद्र की पकड़ फर्रुखाबाद के अलावा कन्नौज, एटा में भी मानी जाती है। ऐसे में पार्टी को उनकी अनदेखी का खामियाजा भुगतना पड़ सकता है। इसी तरह मुरादाबाद के विधायक हाजी इकराम कुरैशी का टिकट काट दिया गया है। बदायूं के सहसवान से पांच बार विधायक रहे और 2017 में मोदी लहर के बाद भी सपा के टिकट पर विधायक बनने वाले ओमकार सिंह का भी टिकट काट दिया गया है। वह भी सपा के लिए चुनौती बन सकते हैं। दल से अलग होकर ये दे रहे चुनौती हरदोई में सपा से अलग होकर भाजपा में गए नरेश अग्रवाल और उनके बेटे नितिन अग्रवाल जिले की विभिन्न सीटों पर चुनौती दे रहे हैं। फिरोजाबाद में मुलायम के समधी हरिओम यादव भाजपा में जाने के बाद सपा के रथ को रोकने के लिए एड़ी–चोटी का जोर लगाए हुए हैं। इसी तरह शाहजहांपुर में सपा के विधायक शरदवीर सिंह, मुरादाबाद की कुंदरकी सीट पर हाजी रिजवान भी चुनौती दे रहे हैं। सीटों के बदलाव से भी बढ़ सकती है चुनौती सपा में परंपरागत सीटों पर भी दूसरी जाति के उम्मीदवार उतारे जा रहे हैं। पूर्वांचल में कई सीटों पर सपा इस तरह का प्रयोग करने की तैयारी में है। बसपा की एक विधायक को उनकी मूल सीट छोड़कर गृह क्षेत्र वाली सीट पर चुनावी तैयारी करने के लिए कहा गया है। ऐसे में यादव बहुल सीट पर नेताओं में आक्रोश दिखने लगा है। पार्टी कार्यालय पहुंच रहे नेताओं का कहना है कि यदि संबंधित सीट पर दूसरी जाति का उम्मीदवार मैदान में आया तो भविष्य में उस सीट पर यादव का दावा खत्म हो जाएगा। कुछ ऐसी ही स्थिति मुस्लिम बहुल सीटों पर भी है। कहीं कोई विरोध नहीं पार्टी जिताऊ और टिकाऊ उम्मीदवार को ही मैदान में उतार रही है। विभिन्न दलों से आए नेताओं में जिनकी जनता में अच्छी पकड़ है और जो चुनाव जीतने की स्थिति में हैं, उन्हें ही टिकट दिया जा रहा है। कहीं कोई विरोध नहीं है। जिन नेताओं को टिकट नहीं दिए गए हैं, उन्हें समझाया गया है कि भविष्य में मौका दिया जाएगा। भाजपा को सत्ता से बेदखल करने के लिए वे दिल बड़ा रखें। जो लोग दल छोड़कर चले गए हैं, उनके विरोध का कोई मतलब नहीं है। राजेंद्र चौधरी, मुख्य प्रवक्ता, सपा

## गोरखपुर में आज खिली धूप : गलन बरकरार

गोरखपुर ब्यूरो : गोरखपुर में सोमवार की रात बारिश के बाद मंगलवार की सुबह शहर में हल्का कोहरा छाया रहा। वहीं बुधवार की सुबह पूरा मौसम साफ हो गया। हालांकि इस दौरान लोगों को गलन महसूस होती रही। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार इस सप्ताह मौसम साफ रहने की उम्मीद है, लेकिन ठंड बरकरार रहेगी। मंगलवार की सुबह शहर में हल्का कोहरा छाया रहा। दिन चढ़ने के साथ आकाश थोड़ा साफ हुआ लेकिन धुंध की वजह से दोपहर बाद तक सूरज के दर्शन नहीं हुए। इसके बाद सूरज निकला, लेकिन गर्मी का एहसास नहीं करा सका। पिछले कई दिनों से जारी कड़ाके की ठंड मंगलवार को भी जारी रही। बादल छाए रहने की वजह से न्यूनतम तापमान में थोड़ी बढ़ोतरी हुआ। न्यूनतम तापमान 13 डिग्री के आसपास दर्ज किया गया। जो सामान्य तापमान से दो डिग्री सेल्सियस अधिक है। दिन का तापमान 18 डिग्री तक पहुंचा। इस सप्ताह साफ रहेगा मौसम मौसम विशेषज्ञ कैलाश पांडे ने बताया कि अब बंगाल की खाड़ी अथवा राजस्थान के ऊपर कोई सिस्टम नहीं दिख रहा है। ऐसे में अगले कुछ दिनों तक मौसम साफ रहने की संभावना है। न्यूनतम तापमान में थोड़ी बढ़ोतरी होने के बावजूद अधिकतम तापमान 22 डिग्री से कम बना रहेगा। ऐसे में ठंड का एहसास होता रहेगा।

## ओमप्रकाश और अनिल राजभर हो सकते हैं आमने–सामने : बनारस की इस सीट पर होगा रोमांचक मुकाबला

वाराणसी ब्यूरो : उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव 2022 जैसे–जैसे नजदीक आ रहे हैं, वैसी चुनावी सरगर्मी भी तेज होती जा रही है। वाराणसी की शिवपुर सीट पर मुकाबला और रोचक हो सकता है। यहां से सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर मैदान में उतर सकते हैं, तो अभी यहां से योगी योगी सरकार के मंत्री अनिल राजभर विधायक हैं। सुभासपा प्रवक्ता शशिप्रताप सिंह ने कहा कि सुभासपा कार्यकर्ताओं ने पार्टी अध्यक्ष से शिवपुर से चुनाव मैदान में उतरने की मांग की है। सुभासपा नेता शशिप्रताप सिंह ने कहा कि सपा से गठबंधन के बाद वाराणसी की शिवपुर और अजगरा सीट सुभासपा के खाते में आना तय है। उन्होंने आरोप लगाया कि शिवपुर विधानसभा को विकास में पीछे रखने का काम यहां के जनप्रतिनिधियों ने ही किया है। कहा कि यहां की भोली भाली जनता को ठगा गया है। इसलिए पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष यहां चुनाव जीत कर क्षेत्र में विकास करेंगे। अगर ओमप्रकाश राजभर और अनिल राजभर इस सीट पर चुनाव लड़ते हैं, तो वाराणसी की यह सीट विधानसभा चुनाव में हॉट सीट होने वाली है। जब से ओमप्रकाश भाजपा से अलग हुए हैं, तब से वह भाजपा पर हमलावर रहे



हैं, तो वहीं यूपी कैबिनेट मंत्री और विधायक अनिल राजभर ओमप्रकाश पर भी हमला करते रहे हैं। अनिल राजभर 2017 में पहले बार विधायक बने थे। पिछली बार ओमप्रकाश राजभर यहां से बने थे विधायक बलिया जिले के रसड़ा विकास खंड के रामपुर गांव के मूल निवासी सुभासपा अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर ने 2017 के विधानसभा चुनाव में गाजीपुर जिले की जहूराबाद विधानसभा सीट जीत दर्ज की थी। वह भाजपा सरकार में मंत्री भी बने, लेकिन बाद में उन्होंने इस्तीफा दे दिया था। पूर्वांचल में सुभासपा अध्यक्ष की सक्रियता लगातार बनी रही।

## पद्म सम्मान ने फिर बढ़ाया काशी का मानः चिकित्सा शिक्षा योग और साहित्य के विद्वानों का नाम शामिल

वाराणसी ब्यूरो : वाराणसी में हर साल की तरह एक बार फिर देश में पद्म सम्मान पाने वालों की सूची में काशी के विद्वानों ने अपना नाम दर्ज कराया है। पद्म विभूषण से लेकर पद्मश्री तक के सम्मान ने काशी का मान राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बढ़ाया है। चिकित्सा से आईएमएस बीएचयू के मेडिसिन डिपार्टमेंट के पूर्व प्रोफेसर कमलाकर त्रिपाठी को पद्मश्री मिलेगा। योग के लिए 125 वर्षीय बाबा शिवानंद को भी पद्मश्री अवार्ड से नवाजा जाएगा। राधेश्याम खेमका को भी मरणोपरांत साहित्य और शिक्षा के क्षेत्र में पद्म विभूषण अवार्ड देने की घोषणा की गई है। साहित्य और शिक्षा के क्षेत्र में बशिष्ठ त्रिपाठी का नाम शामिल हैं जबकि कला के क्षेत्र में पंडित शिवनाथ मिश्रा को भी अवार्ड दिया जाएगा। बाबा विश्वनाथ और महामना का आशीर्वाद मूल रूप से सिद्धार्थनगर के मदनपुर गांव निवासी प्रो. कमलाकर त्रिपाठी इस पद्म पुरस्कार को बाबा विश्वनाथ और महामना पंडित मदन मोहन मालवीय का आशीर्वाद मानते हैं। स्नातक, परास्नातक स्तर की पढ़ाई गोरखपुर से करने के बाद वे 1970 में काशी आए। यहां उन्होंने आईएमएस बीएचयू से एमबीबीस, एमडी किया। 1978 में ही मेडिसिन डिपार्टमेंट में बतौर लेक्चरर सेवा की शुरूआत की। इसके बाद प्रोफेसर और विभागाध्यक्ष रहने के साथ ही उन्होंने अन्य कई जिम्मेदारियों का भी बखूबी निर्वहन किया। 2016 में बीएचयू से सेवानिवृत्त होने के बाद नियमित मरीजों की सेवा में लगे हैं। उन्हें दोपहर में पद्म पुरस्कार मिलने की सूचना पीएमओ से मिली। 125 साल बाद भी योग को बनाया है मिशन काशी में 1985 से ही रहने वाले 125 वर्षीय बाबा शिवानंद ने योग को अपने जीवन का मिशन बनाया है। वह आज भी हर दिन न केवल योग करते हैं बल्कि दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करते हैं। मूल रूप से कोलकाता निवासी बाबा शिवानंद इस समय वाराणसी के कबीरनगर दुर्गाकुंड में रह रहे हैं। पिछले साल नौ जून 2021 को शहरी सीएचसी दुर्गाकुं ड पहुंचकर कोरोना वैक्सीन की पहली डोज लगवाई, जबकि एक नवंबर को दूसरी डोज का टीका भी लगवाने



पहुंचे। बाबा शिवानंद के हवाले से उनके शिष्य संजय ने बताया कि बाबा को पद्म सम्मान मिलने की जानकारी दोपहर में एक फोन के माध्यम से मिली। इसके बाद बाबा ने आश्रम में ही पूजन अर्चन की। पद्मश्री संस्कृत भाषा का सम्मान राष्ट्रपति सम्मान सहित अन्य कई सम्मानों से पुरस्कृत महामहोपाध्याय आचार्य वशिष्ठ त्रिपाठी को भी पद्मश्री सम्मान मिल रहा है। साहित्य और शिक्षा के क्षेत्र में पद्म सम्मान पाने वाले वशिष्ठ त्रिपाठी का कहना है कि यह संस्कृत भाषा का सम्मान है। महज 20 वर्ष की आयु से ही अध्यापन कार्य करते हुए वर्ष 2001 में संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय के न्याय वैशैषिक विभाग के अध्यक्ष पद से सेवानिवृत्त हुए। वह 10 दिन तक विश्वविद्यालय के कार्यवाहक कुलपति भी रहे। वशिष्ठ त्रिपाठी ने बताया कि भारतीय भाषाएं संस्कृत भाषा से ही निर्गत होती हैं। भारतीय सभ्यता संस्कृति का मूल श्रोत है। काशी की संगीत परंपरा का सम्मान बनारस घराने के जाने माने सितारविद पंडित शिवनाथ मिश्र को पद्मश्री सम्मान मिलने की सूचना मिलने के बाद उनके घर बधाई देने वालो का तांता लग गया। सितारवादन के क्षेत्र काशी में पंडित रविशंकर के बाद पंडित शिवनाथ मिश्र को यह सम्मान प्राप्त हुआ है जो काशी की शास्त्रीय संगीत परम्परा के लिए बहुत सुखद है। पद्मश्री सम्मान मिलने के बाद पंडित शिवनाथ मिश्रा ने कहा कि यह सम्मान मेरा व्यक्तिगत सम्मान नही है बल्कि शास्त्रीय संगीत और कलाकारों का सम्मान है। इनके पुत्र पंडित देवब्रत मिश्र भी सितार के क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी छाप छोड़ रहे हैं। पिता पुत्र की यह जोड़ी दुनिया भर में भारत की शास्त्रीय संगीत की परंपरा को स्थापित की हुई है।

## गोरखपुर में आज फिर बढ़े पेट्रोल–डीजल के दाम : जानिए कितना है भाव

गोरखपुर ब्यूरो : सरकारी तेल कंपनियों की ओर से आज पेट्रोल–डीजल के दामों में बदलाव किया गया है। गोरखपुर जिले में लगातार डीजल और पेट्रोल के दाम बढ़ रहे हैं। बुधवार को भी इनके दामों में बढ़ोत्तरी दर्ज की गई है। इससे लोगों की मुश्किले बढ़ गई हैं। गोरखपुर शहर में बुधवार को पेट्रोल 95.48 रुपये प्रति लीटर बिक रहा है। वहीं डीजल 87.00 रुपये प्रति लीटर बिक रहा है। पेट्रोल और डीजल के दामों में 12–12 पैसे बढ़त हुई है। इससे वाहन चालकों को खासकर लंबी दूरी तय करने वाले लोगों की मुश्किले बढ़ गई हैं। प्रतिदिन सुबह छह बजे पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बदलाव होता है। सुबह छह बजे से ही नई दरें लागू हो जाती है। पेट्रोल व डीजल के दाम में एक्साइज ड्यूटी, डीलर कमीशन और अन्य चीजें जोड़ने के बाद इसका दाम लगभग दोगुना हो जाता है। इन्हीं मानकों के आधार पर पेट्रोल रेट और डीजल रेट रोज तय करने



का काम तेल कंपनियां करती हैं। डीलर पेट्रोल पंप चलाने वाले लोग हैं। वे खुद को खुदरा कीमतों पर उपभोक्ताओं के अंत में करो और अपने स्वयं के मार्जिन जोड़ने के बाद पेट्रोल बेचते हैं। पेट्रोल रेट और डीजल रेट में यह कॉस्ट भी जुड़ती है।

## गोरखपुर डबल मर्डरः गांव के किसी घर में ही छिपा है कत्ल का राज, शवों पर चोट के निशान बता रहे हैं गुस्से में थे कातिल

गोरखपुर ब्यूरो : गोरखपुर जिले के झंगहा के नौवाबारी में दो दोस्तों की हत्या का राज गांव के ही किसी घर में छिपा है। परिस्थितियां इसकी चुगली कर रहीं हैं। गड्ढे में जहां दोनों शव पाए गए, वहां के हालात का इशारा है कि कत्ल कहीं और करके, लाशों को वहां लाकर ठिकाने लगाया गया। लाशों को ठिकाने लगाने के लिए गांव में ही जगह चुनना और 17–18 साल के दो किशोरों को कत्ल करके कहीं दूर से लाश वहां ले जाना, किसी आम आदमी के गले नहीं उतरता। फिर, सब कुछ सूंघ लेने वाली पुलिस इस तथ्य को कैसे नजर अंदाज कर सकती है। उसकी पैनी निगाहें, गांव के लोगों में कातिल को तलाशने में लग गईं हैं। बुधवार को पुलिस ने गांव के तीन लोगों को उठाकर पूछताछ कर है। एसपी नार्थ ने गांव में ही कैंप लगाया है। पुलिस की जांच में मौके पर ऐसे कोई साक्ष्य नहीं मिले, जिससे यह साबित हो कि जिस जगह शव दफनाए गए, वहीं पर हत्या की गई हो। यानि, हत्या कहीं और की गई। शव को लाने और दफनाने में काफी समय लगा होगा। अब ऐसे में कोई बाहरी आकर यह नहीं जान सकता है कि गांव में किस समय, उस जगह पर (जहां लाशें मिलीं) गड्ढा खोदा जाए कि किसी की नजर ही ना पड़े। और आखिर, बाहरी यहां आएगा क्यों? इससे अनुमान है कि कातिल उसी गांव का ही कोई हो सकता है। पुलिस भी मान रही है कि अगर कोई बाहरी हत्या करता तो शव को यहां ठिकाने लगाने के लिए कत्तई नहीं आता। रहा कत्ल का कारण तो दोनों परिवार किसी भी दुश्मनी से इंकार कर रहे हैं। कोई यकीन करेगा क्या कि बिना दुश्मनी के दो–दो कत्ल हो गए। ये बात अलग है कि जाहिर दुश्मनी न हो। मगर, किसी ने तो दोनों किशोरों या उनके परिजनों की कोई बात दिल पर ले ही ली होगी,



वरना इतना जघन्य कांड कैसे हो सकता। कत्ल करने में जिस तरह की बरर्बता की गई है, उससे साफ है कि कातिल के दिल को कोई ऐसी गहरी चोट लगी है, जो घृणा की इंतहा बनकर दोनों शवों पर चस्पा हो गई है।इस घृणा का कारण मोहब्बत भी हो सकती है। मारे गए किसी एक किशोर की मोहब्बत या दोनों की कातिल के दिल में नश्तर बनकर उतर गई। और उसी नश्तर को हथियार बनाकर उसने दोनों किशोरों को हलाक कर डाला। हां, एक बात और है, जरूरी नहीं की कातिल दोनों ही किशोरों को मौत के घाट उतारना चाहता रहा हो। संभव है कि एक को मारने के दौरान दूसरे की मौजूदगी रही हो। दूसरा राज न खोल दे, इसी अंदेशे में नाहक ही उसकी जान ले ली गई हो। खैर, ये अनुमान हैं, लेकिन जब भी दोहरे हत्याकांड का राज खुलेगा, ये अनुमान सच के काफी करीब नजर आएंगे। फिलहाल, एसएसपी डॉ. विपिन ताडा का कहना है कि एसपी नार्थ के नेतृत्व में टीम लगी है, सभी बिंदु पर जांच जारी है। झंगहा क्षेत्र में दोहरा हत्याकांड की घटनाएं –06 जनवरी 2016 को कौशल व उनके चाचा बलवंत की गोली मारकर हत्या। –21 अप्रैल 2018 कचहरी से मुकदमे की पैरवी करके लौट रहे चाचा भतीजे जयहिंद व नागेंद्र की गजाइलकोल में गोली मारकर हत्या। –25 मई 2020 को कड़जहां के रहने वाले चचेरे भाइयों की झंगहा थाने के पीछे गोर्रा नदी के किनारे दावत के दौरान दिन दहाड़े गोली मारकर हत्या। –28 नवंबर 2021 को झंगहा थाना क्षेत्र में दिन दहाड़े विशाल यादव व उसके चाचा राम किशुन की गोलियों से भूनकर हत्या।

## गोरखपुर में सात चिकित्सकों समेत 267 मिले संक्रमित : 390 ने दी कोरोना को मात

गोरखपुर ब्यूरो : गोरखपुर जिले में मंगलवार को सात चिकित्सकों समेत 267 लोग कोरोना संक्रमित मिले। इनमें बीआरडी मेडिकल कॉलेज के पांच, एम्स के एक और एक निजी डॉक्टर शामिल हैं। राहत की बात यह रही कि संक्रमण की रफ्तार घटी है और स्वस्थ होने वालों की संख्या बढ़ी है। स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों के मुताबिक, मंगलवार को 390 कोरोना संक्रमित स्वस्थ हुए। इसकी वजह से जिले में सक्रिय केस 2,081 से घटकर 1,958 हो गए। मेडिकल कॉलेज में 13, एम्स में छह, पीएसी कैंप बिछिया में तीन, खाद कारखाना में 11, रेलवे स्टेशन पर छह यात्री, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भटहट में छह व पिपराइच में दो, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खोराबार में दो कर्मियों की रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। मोहद्दीपुर व गोविंदपुर पाली में एक–एक परिवार के तीन–तीन सदस्य, तारामंडल स्थित रेल विहार व सहारा इस्टेट में एक–एक परिवार के दो–दो लोगों में संक्रमण की पुष्टि हुई है। सीएमओ डॉ. आशुतोष कुमार दुबे ने बताया कि पहली लहर से लेकर अब तक जिले में 64,915 लोग पॉजिटिव हो चुके हैं। इनमें से 62,105 लोगों ने कोरोना को मात दी है। 852 की मौत



हो चुकी है। नहीं पूरा हुआ लक्ष्य, 52 फीसदी किशोरों को लगा कोरोनारोधी टीका किशोरों को कोरोना टीका लगाने का लक्ष्य तय समय में पूरा नहीं हो पाया है। मंगलवार अंतिम दिन था, लेकिन जिले में 52 फीसदी किशोरों को ही टीका लग पाया। जानकारी के मुताबिक, 15 से 17 वर्ष तक के 3.11 लाख अवयस्कों को 25 जनवरी तक टीका लगाने का लक्ष्य रखा गया था। शनिवार तक 1.62 लाख किशोरों को टीका लगाया जा सका है। जबकि, प्रतिदिन 70 से 100 बूथ संचालित किए जा रहे हैं। सीएमओ डॉ. आशुतोष कुमार दूबे ने बताया कि सामान्य बूथों के अलावा इंटर कॉलेजों में भी शिविर लगाकर किशोरों को टीका लगाया जा रहा है।

## गोरखपुर में बुजुर्ग का पुलिस ने दर्ज किया बयान : कल भेज दी जाएगी रिपोर्ट

गोरखपुर ब्यूरो : गोरखपुर में घर से बड़े बेटा द्वारा निकाले जाने के मामले में मंगलवार को पुलिस ने बुजुर्ग हरिशंकर सिंह का बयान दर्ज कर लिया। पुलिस ने बड़े बेटे सुनील सिंह से भी बातचीत कर उसका पक्ष जाना है। खबर है कि पुलिस ने इस प्रकरण में 27 जनवरी तक रिपोर्ट डीएम दफ्तर भेजने को कहा है। इस पूरे मामले में महज रिपोर्ट लगवाने के लिए भी पीड़ित को कई बार थाने का चक्कर काटना पड़ा था। अब एसएसपी ने जब मानीटरिंग शुरू की तो हरकत में आई पुलिस ने तेजी से जांच की है। जानकारी के मुताबिक, पूर्वांचल ग्रामीण बैंक के मैनेजर पद से रिटायर्ड हरिशंकर सिंह का आरोप है कि उनके बड़े बेटे ने उन्हें घर से निकाल दिया है। इसी के बाद कई प्रार्थना पत्र दिए, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। बाद में डीएम के यहां पर उन्होंने 145 (विवादित संपत्ति को जब्त करना) के तहत डीएम के यहां पर प्रार्थना पत्र दिया था। वहां से रामगढ़ताल पुलिस से रिपोर्ट मांगी गई थी, लेकिन रिपोर्ट नहीं लग पाई थी। अब पुलिस ने इस मामले में रिपोर्ट भेजने की बात कही है। इंस्पेक्टर ने प्रकरण की जांच चौकी इंचार्ज आजाद चौक विशाल को सौंपी है। विशाल ने बताया कि पीड़ित बुजुर्ग का बयान दर्ज किया गया है। रिपोर्ट एक दरोगा के पास पेडिंग है, उसे भेजा जाएगा। 27 जनवरी तक रिपोर्ट चली जाएगी। बहकावे में आ गए है पिता जी बड़े बेटे सुनील सिंह ने एक बार फिर छोटे भाई अजय पर आरोप लगाया है। उनका कहना है कि छोटे भाई के बहकावे



में आकर वह यह सब कर रहे हैं। उनका मकान है, मैंने कभी उन्हें नहीं रोका है। पुलिस प्रशासन इसकी जांच करें तो खुद ही सच्चाई सामने आ जाएगी। यह है मामला हरिशंकर सिंह ने अपने और पत्नी के नाम पर भरवलिया में जमीन खरीदी थी। 1999 में पत्नी की मौत हो गई। इसके बाद मकान बनकर तैयार हुआ। 1999–2000 के बीच वह मकान में परिवार के साथ रहने लगे थे। आरोप है कि 4 मई 2021 को बड़े बेटे सुनील सिंह ने जबरन उनके खाते से रुपये निकाल लिया। इसके बाद उन्हें अपने ही घर में बंधक बना दिया। इसकी जानकारी जब बेटी को हुई तो उसने छोटे भाई अजय प्रताप सिंह, जो गुरुग्राम में एक प्राइवेट कंपनी में कार्यरत है को सूचना दी। छोटा बेटा आया और जब बड़े भाई से प्रताड़ना की वजह पूछा तो वह मारपीट पर उतारू हो गया। इसके बाद अजय पिता को लेकर पहले रिश्तेदार और फिर सहारा स्टेट में किराए का कमरा लेकर रहने लगे। इस दौरान कई बार रामगढ़ताल थाने पर प्रार्थना पत्र दिए, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई। प्रताड़ना का आरोप लगाते हुए डीएम से मिले तो सात मई 2021 को पुलिस ने धमकी देने का केस दर्ज किया। इसमें भी आगे कार्रवाई नहीं हुई है।


समस्त देश वासियों को गणतंत्र दिवस की शुभ कामनाएं



–डा० सुधीर कुमार श्रीवास्तव
होम्योपैथिक चिकित्सक
प्रयागराज उत्तर प्रदेश
मों0 – 9151249193
गठिया तथा असाध्य रोगों के इलाज के लिए संपर्क करें।

समस्त देश वासियों को गणतंत्र दिवस की शुभ कामनाएं



डॉ संदीप कुमार सिंह
वरिष्ठ बाल रोग विशेषज्ञ
जिला महिला हॉस्पिटल,प्रभारी सीएमएस, नोडल प्रभारी –कोविड–19 ,सभी प्रकार की सरकारी सुविधाएं उपलब्ध

समस्त देश वासियों को गणतंत्र दिवस की शुभ कामनाएं



–पंचशील इंटर प्राइजेज
राकेश कुमार
सेमती वलीपुर, सुलतानपुर
बीज,जैविक खाद एवं मिट्टी की जांच की सुविधा

समस्त देश वासियों को गणतंत्र दिवस की शुभ कामनाएं



मुकेश कुमार यादव
(समाज सेवी)
पूरे परौती लाल
वलीपुर सुलतानपुर

गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर आप सभी देश एवं प्रदेश वासियों को हार्दिक बधाई



–अजय सिंह
राष्ट्रीय अध्यक्ष
अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी महासंघ,भारत, एवं
मुख्य सलाहकार तथा संरक्षक
–मि.ए.ई.डि.उत्तर प्रदेश

गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर आप सभी जनपद एवं प्रदेश वासियों को हार्दिक बधाई



मेंसर्स –ए.जी. इण्टरप्राईजेज
पटेल नगर कॉलोनी,नदेसर
वाराणसी,
उ.प्र.

गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर आप सभी जनपद एवं प्रदेश वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं



मेंसर्स –अग्रवाल इण्टरप्राईजेज
तुलसीपुर,
महमूरगंज,
वाराणसी,
उत्तर प्रदेश

गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर आप सभी प्रदेश वासियों को हार्दिक बधाई



–ई. प्रभाकर दूबे
अधिशासी अभियंता
(सेवा निवृत्त)
वाराणसी,
उत्तर प्रदेश

आप सभी जनपद एवं प्रदेश वासियों को 26 जनवरी की हार्दिक बधाई



–ई0 अरुण कुमार सिंह
मुख्य अभियन्ता
(सेवा निवृत्त)
लखनऊ

आप सभी जनपद एवं प्रदेश वासियों को 26 जनवरी की हार्दिक बधाई



–ई0 चन्द्रशेखर आजाद
अधीक्षण अभियन्ता
(सेवा निवृत्त)
वाराणसी

आप सभी जनपद एवं प्रदेश वासियों को 26 जनवरी की हार्दिक शुभकामनाए



–ई0एस.के.उपाध्याय
अधीक्षण अभियन्ता
(सेवा निवृत्त)

आप सभी जनपद एवं प्रदेश वासियों को 26 जनवरी की हार्दिक बधाई



–ई0 शारदा राम
अधीक्षण अभियन्ता यान्त्रिक
(सेवा निवृत्त)
लखनऊ


## प्राचार्य प्रोफेसर मंजुला उपाध्याय ने महाविद्यालय प्रांगण में ध्वजारोहण किया

आर एल पाण्डेय लखनऊ। 73वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर नवयुग कन्या महाविद्यालय राजेंद्र नगर लखनऊ में ध्वजारोहण एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर कैडेट कीर्ति मिश्रा, दिव्यांशी मिश्रा, हर्षीन कौर, नंदिनी सिंह, आयुषी शुक्ला, श्रद्धा पांडे ,रत्ना लोधी ने देश भक्ति के मनमोहक नृत्य गीत एवं कविता प्रस्तुत की। कुमारी शशि त्रिवेदी एवं कैडेट शीतल सिंह ने कार्यक्रम का संचालन किया। प्राचार्य प्रोफेसर मंजुला उपाध्याय ने महाविद्यालय प्रांगण में ध्वजारोहण किया तथा अपने संबोधन में कहा कि देश के विकास में प्रत्येक नागरिक की महत्वपूर्ण भूमिका होती है इसलिए हम सभी का दायित्व है समाज में हम जिस भी स्थान पर हैं वहां के कर्तव्यों का पालन पूरी ईमानदारी के साथ करें यही वास्तव में देशभक्ति होगी। इस अवसर पर उच्च शिक्षा सचिव डॉ अमित भारद्वाज द्वारा भेजा गया संदेश भी पढ़ा गया। राष्ट्रगीत वंदे मातरम तथा भारत माता की



जय के उद्घोष के साथ कार्यक्रम समाप्त हुआ। कार्यक्रम में महाविद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संयोजन व संचालन महाविद्यालय की एनसीसी विंग द्वारा मेजर डॉ मनमीत कौर सोढ़ी के दिशा निर्देशन में किया गया।

## इंदिरा गांधी स्टेडियम की टीम ने पूर्वांचल फुटबॉल क्लब को 2–1 से किया पराजित

जौनपुर। शाहगंज पत्रकार धनन्जय विश्वकर्मा : गणतंत्र दिवस 2022 के शुभ अवसर पर ओपन बालक वर्ग की 5 किलोमीटर क्रॉस कंट्री रेस का आयोजन प्रातः 9:00 से इंदिरा गांधी स्टेडियम सिद्दीकपुर के खेल मैदान पर किया गया। क्रॉस कंट्री रेस के पूर्व 8:30 बजे सामूहिक राष्ट्रगान का आयोजन तत्पश्चात समस्त खिलाड़ियों को देश एवं अपने कर्तव्यों के प्रति शपथ दिलवाई गई। क्रॉस कंट्री रेस का उद्घाटन सुनील कुमार, उप क्रीड़ा अधिकारी द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। क्रॉस कंट्री रेस में प्रथम छः स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ी हैं 1. दीपक यादव– स्टेडियम 2. विकास पाल 3.सूरज पटेल 4.श्रेयांश यादव 5. रामसमुझ पाल 6. अरविंद यादव, पहले खिलाड़ी को छोड़कर समस्त खिलाड़ी टीडी कॉलेज जौनपुर में अभ्यास करते हैं। इसके अतिरिक्त सीनियर पुरुष वर्ग की फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन भी पूर्वान्ह 10:30 बजे किया गया। फुटबॉल मैच में इंदिरा गांधी स्टेडियम की टीम ने पूर्वांचल फुटबॉल क्लब को 2–1 से पराजित किया। विजेता टीम की तरफ से एक–एक गोल क्रमशः धर्मेंद्र चौहान एवं रोहित चौहान ने किया





तथा उपविजेता टीम की तरफ से एकमात्र गोल अमित कुमार ने किया। फुटबॉल के निर्णायक के रूप में स्वयं श्री सुनील कुमार, उप क्रीड़ा अधिकारी एवं विवेक विश्वकर्मा जितेंद्र एवं बादल उपस्थित थे। समस्त खिलाड़ियों को पुरस्कार सुनील कुमार, उप क्रीड़ा अधिकारी द्वारा प्रदान किया गया तथा कार्यक्रम का संचालन सुजीत विश्वकर्मा द्वारा किया गया।

### संविधान और भारत देश पर गर्व करना चाहिए– राधेरमण जायसवाल

जौनपुर ब्यूरो : नगर उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष राधेरमण जायसवाल की अध्यक्षता में 73वा गणतंत्र दिवस बड़े धूमधाम से शिवमंदिर प्रांगण, अहियापुर मोड़ पर मनाया गया अध्यक्षता करते हुए राधेरमण ने कहा कि सभी को 26 जनवरी के राष्ट्रीय पर्व को खुशियों के साथ मनाना चाहिए क्योंकि आज ही के दिन संविधान लागू हुआ था सभी देशवासियों को विश्व के सबसे बड़े अपने देश के संविधान और अपने भारत देश पर गर्व करना चाहिए! मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित जौनपुर उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष दिनेश टंडन ने झंडा फहरा कर गणतंत्र दिवस की बधाइयां दिया और उसके महत्व को बताते हुए नगर अध्यक्ष राधेरमण जायसवाल के कार्यों की प्रशंसा किया और बताया कि नगर व्यापार मंडल के बैनर तले निरंतर अच्छे कार्यक्रम हो रहे हैं प्रतिदिन व्यापारी संगठन से जोड़ते जा रहे हैं उन्होंने नगर वासियों से इमानदारी पूर्वक और देशभक्ति के साथ जीवन व्यतीत करने का आह्वान किया ! जिला संरक्षक राजदेव यादव तथा नगर संरक्षक नरेंद्र कुमार जायसवाल ने संयुक्त रूप से नगर वासियों को गणतंत्र दिवस की बधाई दी तथा नगर की संपूर्ण टीम की प्रशंसा करते हुए



कहा कि नगर की टीम बहुत अच्छे कार्य कर रही है जहां भी मेरी आवश्यकता होगी मैं उपस्थित रहूंगा! गणतंत्र दिवस के इस कार्यक्रम सफल बनाने में उपाध्यक्ष संतोष कुमार साहू बच्चा राजेंद्र खत्री नगर महामंत्री उत्तरी मनोज कुमार साहू, दक्षिणी मुन्ना लाल अग्रहरि कोषाध्यक्ष अनिल कुमार वर्मा मीडिया प्रभारी यशवंत साहू,अमर जौहरी,नीरज शाह,सतीश अग्रहरि,नगर मंत्री अजय कुमार 'अज्जू', नगर उपाध्यक्ष लोकेश साहू, मनोज तिवारी, राज साहू,अनिरुद्ध अग्रहरि का विशेष सहयोग रहा कार्यक्रम में संजय केडिया, विनय जायसवाल,नीरज श्रीवास्तव,शरद साहू,धर्मेंद्र सेठ,विकास जायसवाल, रमेश श्रीवास्तव,राहुल अग्रहरि,कृष्ण कुमार जायसवाल भरत सेठ, ध्रुव जायसवाल, हफिज शाह, शिशिर मौर्या, चंद्र प्रकाश जायसवाल, रत्नेश सिंह, दिलीप जायसवाल सुमित अग्रहरि नेपाली,सतीश यादव,मनीष श्रीवास्तव, आशीष कुमार, शुभम अग्रहरि, विनोद जायसवाल आदि व्यापारी गण उपस्थित रहें कार्यक्रम का संचालन संजय गुप्ता ने किया और आए हुए सभी व्यापारियों का आभार कार्यक्रम संयोजक नगर उपाध्यक्ष संतोष कुमार साहू 'बच्चा जी' ने प्रकट किया।

# गोरखनाथ मंदिर में साधारण जीवन बिताते हैं सीएम योगी : कमरे में नहीं लगा है एसी

गोरखपुर ब्यूरो : बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती योगी आदित्यनाथ के गोरखनाथ मंदिर स्थित जिस आवास को 'बड़ा बंगला' बता रहीं हैं, गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ उसके एक बेहद साधारण से कमरे में रहते हैं। कमरे में न एसी है, न कूलर, न बड़े–बड़े बेड और ना ही सुविधा के तमाम सामान। लेटने के लिए आज भी वही तख्त है, जिस पर वे मुख्यमंत्री बनने से पूर्व लेटते थे। मंदिर के सचिव द्वारिका तिवारी कहते हैं कि मुख्यमंत्री बनने के बाद मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था को छोड़ दें तो यहां अब भी कुछ नहीं बदला है। सब कुछ पहले ही जैसा है। गोरक्षपीठ में श्रद्धा रखने वालों ने मायावती के बयान पर सोमवार को तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। मंदिर प्रबंधन से जुड़े वीरेंद्र सिंह ने कहा कि मायावती केवल सामाजिक समरसता की बात करती हैं, मंदिर में योगी के बाद सबसे प्रमुख चेहरा, मंदिर के मुख्य पुजारी कमलनाथ अनुसूचित जाति के हैं। वही पूजा–पाठ करते हैं। अगर देश में गोरखनाथ मंदिर जैसे बंगले हो जाएं तो देश का कल्याण हो जाए। महाराणा प्रताप पीजी कॉलेज के प्राचार्य डॉ प्रदीप राव कहते हैं कि गोरखनाथ मंदिर नाथ संप्रदाय का सबसे बड़ा केंद्र माना जाता है। इसके अनुयायी देश ही नहीं, पूरी दुनिया में फैले हुए हैं। पूरा मंदिर परिसर 54 एकड़ में फैला है, लेकिन इसमें मंदिर के अलावा गुरु गोरक्षनाथ चिकित्सालय, आयुर्वेदिक अस्पताल एवं संस्कृत महाविद्यालय भी संचालित है। अध्ययन करने वाले बच्चों के छात्रावास हैं। उनके भोजन, रहने, कपड़े का इंतजाम मंदिर प्रबंधन करता है। शिक्षा का बड़ा केंद्र भी है। ये था बसपा सुप्रीमो मायावती का ट्वीटः शायद पश्चिमी यूपी की जनता को यह मालूम नहीं है कि गोरखपुर में योगी जी का बना मठ है, जहां वो अधिकांश समय निवास करते हैं। वो कोई बड़े बंगले से कम नहीं है। यदि इस बारे में भी यह बता देते तो बेहतर होता। सामान्य कमरे में रहते हैं मुख्यमंत्री। मुख्यमंत्री का जहां आवास है, वह दो मंजिला भवन बहुत ही पुराना है। भवन के ऊपरी तल पर मुख्यमंत्री का आवास है। आवास के बगल में एक छोटा सा मंदिर है। उसे शक्ति पीठ कहा जाता है। वह मां दुर्गा का मंदिर है। सीएम आवास के अलावा दो कमरे हैं। इनमें चौकी बिछी रहती है। योगी जब तक पीठाधीश्वर नही हुए थे, तब तक उसी कक्ष में चौकी पर सोते थे। अवेद्यनाथ के ब्रह्मलीन होने के बाद उनके आवास में रहने लगे। जो एक सामान्य कक्ष है। उनके कमरे में एसी नहीं है। नीचे एक बड़ा सा हाल है। इसमें दशहरा, खिचड़ी पर कार्यक्रम का आयोजन होता है। उसके बगल में दूसरा हॉल है, जो छोटा है। इसी हॉल में कार्यालय चलता है। मंदिर के कई कर्मचारी वहां पर बैठे



रहते हैं। पास ही लाल कक्ष है। योगी जब सांसद थे, तब भी वहीं बैठक, मुलाकात करते थे। यह सिलसिला मुख्यमंत्री बनने के बाद तक जारी है। कार्यालय के पीछे एक सोफाकक्ष है। योगी पहले और अब भी विशेष मेहमानों से वहीं मिलते हैं। लगभग पांच सौ छात्र संस्कृत की शिक्षा करते हैं गृहण गोरक्षनाथ मंदिर में चलने वाले संस्कृत महाविद्यालय में कक्षा नौ से लेकर परा स्नातक की शिक्षा दी जाती है। महाविद्यालय में पढ़ाने वाले बृजेशमणि मिश्र कहते हैं कि यहां छात्रों को रहने, खाने , वस्त्र की सुविधा मुफ्त दी जाती है। इन छात्रों को पढ़ाई के अलावा संस्कार भी दिए जाते हैं। सभी छात्र सुबह उठ कर स्नान ध्यान के बाद पूजा पाठ और प्रार्थना करते हैं। एक हजार लोग रोज करते हैं भोजन गोरखनाथ मंदिर में प्रति दिन एक हजार लोगों का भोजन पकता है। विद्यालय के छात्रों के अलावा मंदिर के करीब 250 कर्मचारी भी हैं। इसके अलावा वहां पर जो भी पहुंचता है, वह भोजन ले सकता है। मंदिर की तरफ से यह निर्देश है कि वहां पर जो भी गया उसे भोजन कराया जाएगा। मंदिर में है गुरु गोरक्षनाथ चिकित्सालय गोरक्षनाथ मंदिर परिसर में गुरु गोरक्षनाथ चिकित्सालय है। इस चिकित्सालय में शहर के प्रतिष्ठित चिकित्सक अपनी सेवाएं देते हैं। यह व्यवस्था योगी के सीएम बनने से पहले की है। इसकी खास बात यह है कि जो चिकित्सक शहर में 800 रुपये फीस लेते हैं, वे गुरु गोरक्षनाथ चिकित्सालय में 30 रुपये लेते हैं। अस्पताल के डॉ सीएम सिन्हा कहते हैं कि जांच से लेकर हर प्रकार की चिकित्सकीय सुविधाएं काफी सस्ती है। इस नाते यहां, हमेशा भारी भीड़ रहती है। यहां पर हर वर्ग और समुदाय के लोग इलाज कराने आते हैं। मंदिर में धर्मशाला व यात्री निवास मंदिर परिसर में यात्री निवास और धर्मशाला भी है। दूर–दूर से आने वाले श्रद्धालुओं के रुकने की व्यवस्था वहां होती है। बहुत से लोग शादी शहर से करते हैं तो उनको सस्ते में कमरा उपलब्ध कराया जाता है। मंदिर में चार सौ गाएं वर्तमान में मंदिर में चार सौ गाए हैं। यहां पर उन्हें गो सेवा के लिए रखा गया है। मंदिर की व्यवस्था है कि जितना जरूरत दूध का होता है उतना ही दूध निकाला जाता है। बाकी बछड़ों को पीने के लिए छोड़ दिया जाता है। मंदिर के मुख्य पुजारी हैं अनुसूचित जाति के हाल ही में मुख्यमंत्री के अनुसूचित जाति के परिवार के घर भोजन करने पर विपक्ष के नेताओं ने राजनीतिक शिगूफा करार दिया था। लेकिन, सच्चाई इससे इतर है। डीवीएन पीजी कॉलेज से सेवानिवृत्त डॉ शैलेंद्र प्रताप सिंह कहते हैं कि गोरक्षपीठ सामाजिक समरसता की प्रतीक है। योगी वही करते हैं, जो उनके गुरु ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ करते थे। अवेद्यनाथ ने छूआछूत के खिलाफ अभियान देश भर में चलाया। दक्षिण भारत के मीनाक्षीपुरम में जब अनुसूचित जाति के लोगों के प्रवेश पर रोक लगा दी गई थी तो वहां जाकर धरना दिया था, फिर मंदिर में उनका प्रवेश कराया। संतों के साथ वाराणसी में डोम राजा के घर भोजन किया। गोरखनाथ मंदिर के मुख्यपुजारी अनुसूचित जाति के हैं।

# गीता प्रेस से प्रकाशित होने वाली कल्याण पत्रिका के संपादक रहे राधेश्याम खेमका को मिला मरणोपरांत पद्म विभूषण सम्मान

गोरखपुर ब्यूरो : गीता प्रेस से प्रकाशित विश्व प्रसिद्ध पत्रिका कल्याण के संपादक रहे राधेश्याम खेमका को मरणोपरांत देश के दूसरे सबसे बड़े सम्मान पद्म विभूषण देने की घोषणा की गई। इस घोषणा के साथ ही गीता प्रेस से जुड़े लोगों के खुशी व्यक्त की। सन 1935 में मूलरूप से बिहार के मुंगेर में जन्मे राधेश्याम खेमका प्राथमिक शिक्षा ग्रहण करने के बाद सपरिवार वाराणसी में आकर बस गए। यहां काशी हिंदू विश्वविद्यालय से उन्होंने एमए किया। लेकिन, उन्होंने अपनी कर्मभूमि गोरखपुर के गीताप्रेस को बनाई। राधेश्याम खेमका ने सबसे पहले वर्ष 1982 में गीता प्रेस से प्रकाशित होने वाली पत्रिका कल्याण के विशेषांक का संपादन किया था। उसके बाद वर्ष मार्च 1983 से वह लगातार कल्याण के संपादन का कार्य संभालते रहे। 86 वर्ष की उम्र में तबियत खराब होने के बावजूद उन्होंने अप्रैल 2021 तक के कल्याण के अंकों का पूरे उत्साह के साथ संपादन किया। उनके संपादन में कल्याण के 40 वार्षिक विशेषांक, 460 संपादित अंक प्रकाशित हुए। इस दौरान कल्याण की नौ करोड़ 54 लाख 46 हजार प्रतियां प्रकाशित हुईं। कल्याण में पुराणों एवं लुप्त हो रहे संस्कारों व कर्मकांड की पुस्तकों का प्रामाणिक संस्करण भी उनके राधेश्याम खेमका के संपादन में ही प्रकाशित हुआ। वह 2014 से गीता प्रेस ट्रस्ट बोर्ड के अध्यक्ष भी रहे। ट्रस्ट का अध्यक्ष रहते हुए पिछले वर्ष तीन अप्रैल को 86 वर्ष की उम्र में उनका निधन वाराणसी में हो गया। विभिन्न समाजसेवी संस्थाओं से जुड़े थे राधेश्याम खेमका राधेश्याम खेमका ने 40 वर्षों से गीता प्रेस में अपनी भूमिका का निर्वाहन करते हुए अनेक धार्मिक पत्रिकाओं का संपादन किया। उनमें कल्याण प्रमुख है। साथ ही वह वाराणसी की प्रसिद्ध संस्थाओं मारवाड़ी सेवा संघ, मुमुक्षु भवन, श्रीराम लक्ष्मी मारवाड़ी अस्पताल गोदौलिया, बिड़ला अस्पताल मछोदरी, काशी गोशाला ट्रस्ट सहित विभिन्न समाजसेवी संस्थाओं से जुड़े रहे। साधु–संतों का रहा सानिध्य धर्म सम्राट स्वामी करपात्रीजी, शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद



सरस्वती, पुरी के शंकराचार्य स्वामी निरंजन देव तीर्थ और वर्तमान पीठाधीश्वर स्वामी निश्चलानंद, कथा व्यास रामचंद्र डोंगरे जैसे संतों से विशेष सानिध्य स्व. राधेश्याम खेमका पर रहा। इन विशेषांक का किया संपादन श्रीवामन पुराण अंक, चरितनिर्माण अंक, श्रीमत्स्य पुराण अंक (पूर्वार्ध), श्रीमत्स्य पुराण अंक (उत्त्रार्ध), संकीर्तन अंक, शक्ति उपासना अंक, शिक्षा अंक, पुराणकथा अंक, देवता अंक, योगतत्वांक, संक्षिप्त भविष्य पुराण अंक, श्रीराम भक्ति अंक, गो सेवा अंक, धर्मशास्त्र अंक, कूर्मपुराण अंक, भगलल्लीला अंक, वेद कथा अंक, संक्षिप्त गरुड़ पुराण अंक, आरोग्य अंक, नितिसार अंक, भगवत प्रेम अंक, व्रतपर्वोत्सव अंक, देवीपुराण (शक्तिपीठांक), अवतार कथा अंक, संस्कार अंक, श्रीमद्देवी भागवत अंक (पूर्वार्ध), श्रीमद्देवी भागवत अंक (उत्त्रार्ध), जीवनचर्या अंक, दानमहिमा अंक, श्रीलिंग महापुराण अंक, भक्तमाल अंक, ज्योतितत्वांक, सेवा अंक, गड्गा अंक, शिव महापुराण अंक (पूर्वार्ध), शिव महापुराण (उत्त्रार्ध), श्रीराधा माधव अंक, बोधकथा अंक, श्री गणेश पुराण अंक। पूरे जीवन किया गंगाजल का सेवन गीता प्रेस के प्रबंधक लालमणि तिवारी ने बताया कि अपने पूरे जीवन में राधेश्याम खेमका ने सिर्फ गंगा जल का ही पान किया। अन्न केवल दो बार ग्रहण करते थे। सादा जीवन उच्च विचार उनके आचरण में था। 60 से अधिक वर्षों तक उन्होंने इलाहाबाद के माघ मेला में एक महीने का कल्पवास किया था। उनका जीवन बहुत ही संयमित जीवन था। साधु संतों और गरीबों की सेवा करना उनके स्वभाव में था। अपने कार्यों के दम पर वह पद्म विभूषण के अधिकारी थे। भारत सरकार ने भी एक ऐसे व्यक्ति को पद्म विभूषण सम्मान से नवाजा है, जिनके लिए कभी न प्रयास किया गया और न ही इनके मन में कभी इच्छा रही।

## 17 चुनावों में एक बार क्लीन स्वीप कर पाई कांग्रेस : कभी नहीं बना दबदबा : हर लहर में लगा झटका

आगरा ब्यूरो : 26 साल से विधानसभा पहुंचने की राह तलाश रही कांग्रेस ताजनगरी की सियासत में उतार चढ़ाव से जूझती रही है। 1952 के पहले विधानसभा चुनाव में ही कांग्रेस के प्रत्याशियों ने आगरा (तब फिरोजाबाद भी शामिल) की 10 सीटों पर जीत हासिल करके क्लीन स्वीप किया था। इसके बाद 2017 तक हुए 16 चुनावों में कांग्रेस कभी जिले की सभी विधानसभा सीटें नहीं जीत पाई। 1989 व 1991 में हुए चुनावों में पार्टी खाता नहीं खोल सकी। इसके बाद हुए छह विधानसभा चुनावों में केवल 1993 व 1996 में एक–एक सीट ही जीत सकी। लंबे समय तक नहीं रह सका कांग्रेस का दबदबा केंद्र और प्रदेश में लंबे समय तक सत्तासीन रहने के बाद भी ताजनगरी की राजनीति में कांग्रेस का दबदबा लंबे समय तक नहीं रह सका। 1952 के बाद 1957 के चुनाव में पांच सीटें जीत पाई, जबकि चार पर निर्दलों ने बाजी मारी। 1962 के चुनाव में चार, रिपब्लिकन पार्टी 3 तो सोशलिस्ट पार्टी ने दो सीटें जीतीं, जबकि एक पर निर्दल उम्मीदवार जीता। 1967 के चुनाव में भारतीय जनसंघ ने कांग्रेस को टक्कर दी। इसमें कांग्रेस की तीन सीटें आईं, जनसंघ ने भी तीन पर जीत हासिल की। सोशलिस्ट पार्टी ने दो सीटें जीतीं। आरपीआई व निर्दल ने एक–एक सीटें जीतीं। 1969 के चुनाव में भी कांग्रेस तीन सीटों तक सीमित रही, चौधरी चरण सिंह के भारतीय क्रांति दल ने चार व अन्य ने तीन सीटें जीतीं। 1974 के चुनाव में कांग्रेस ने एक बार फिर वापसी की। छह सीटों पर उसके उम्मीदवारों ने जीत हासिल की, जबकि भारतीय क्रांति दल दो और अन्य एक–एक सीटों पर सिमट गए। 1977 में कांग्रेस ने तीन सीटें जीतीं। 1980 में वापसी करते हुए छह सीटों पर जीत हासिल की, जबकि जनता पार्टी को तीन सीटें मिलीं। जनता लहर में भी तीन विधायकों ने बचाई लाज 977 की जनता पार्टी की लहर में आगरा में कांग्रेस के तीन विधायकों ने पार्टी विरोधी माहौल के बाद भी जीत हासिल की। इनमें आगरा कैंट सीट से डॉ. कृष्णवीर सिंह कौशल, आगरा पूर्वी से सुरेंद्र कुमार सिंधू और आगरा पश्चिमी से गुलाब सेहरा ने लाज बचाई। वहीं छह सीटों पर जनता पार्टी के उम्मीदवारों ने जीत हासिल की थी। 85 के बाद उभरे भाजपा व क्षेत्रीय दल। 1985 के चुनाव में भाजपा ने पदार्पण किया। इसके साथ ही बीकेडी, लोकदल जैसे क्षेत्रीय दल भी चुनौती बनकर उभरे। इस चुनाव में कांग्रेस के पांच उम्मीदवार विधानसभा पहुंचे तो लोकदल के तीन और भाजपा का एक उम्मीदवार जीता। 1989 के बाद उबर नहीं पाई कांग्रेस 1989 के आरक्षण आंदोलन के बाद जनता दल ने इस चुनाव में ताल ठोकी। इस चुनाव में कांग्रेस खाता नहीं खोल सकी। जनता दल के छह व भाजपा के तीन उम्मीदवार जीते। 1991 में राजीव गांधी की शहादत के बाद हुए चुनाव में भी पार्टी का खाता नहीं खुल सका। 1993 व 1996 के चुनावों में खेरागढ़ विधानसभा सीट पर मंडलेश्वर सिंह ने कांग्रेस का खाता खोला, लेकिन इसके बाद 2002, 2007, 2012 व 2017 के चार चुनावों में पार्टी के उम्मीदवार मुख्य मुकाबलों से बाहर ही रहे। राजबब्बर भी नहीं दे पाए मजबूती आगरा के रहने वाले सिने स्टार राजबब्बर ने प्रदेश में जुलाई, 2016 से 2018 तक कांग्रेस की कमान संभाली मगर वह भी संगठन को मजबूती नहीं दे पाए। उनके कार्यकाल में हुए 2017 के विधानसभा चुनाव में खाता भी नहीं खोल सके। 2019 के लोकसभा चुनाव में वह खुद फतेहपुरसीकरी लोकसभा सीट से चुनाव हार गए।

## रक्तदान कर बचाते हैं दूसरों की जान : 108 बार दिया श्रीधर ने रक्त

आगरा ब्यूरो : तंत्र को गणतंत्र बनाने में नागरिकों का योगदान अहम होता है। ऐसे नागरिक जो न केवल अपने अधिकारों के प्रति जागरूक हों, बल्कि शहर और समाज के विकास के लिए भी काम करें। ताजनगरी में भी गणतंत्र के ऐसे पहरुए हैं। इनमें एनआर श्रीधर और अभिषेक शर्मा भी हैं। श्रीधर जहां 108 बार रक्त दे चुके हैं, वहीं युवा अभिषेक भी 30 बार लोगों की जान बचा चुके हैं। अखबार में इश्तहार देख शुरू हुआ



सिलसिला : एनआर श्रीधर शमसाबाद रोड निवासी एनआर श्रीधर ने बताया कि पहली बार उन्होंने रक्तदान 19 साल की उम्र 1989 में किया। जब अमर उजाला अखबार में रक्त की आवश्यकता का इश्तहार छपा था। मैंने अखबार पढ़ा और रक्तदान किया। मरीज के परिजन मेरे आगे हाथ जोड़कर खड़े हो गए। तब से रक्त की महिमा जानी, उस वक्त तो रक्तदान करने के लिए इक्कादुक्का ही लोग आते थे। तब से वह जरूरत पर रक्तदान करने लगे हैं। अधिकांश ब्लड बैंकों में उनका नंबर दर्ज है और कई संस्थाओं की ओर से सम्मानित भी हो चुके हैं। किसी की जान बचाना, सबसे बड़ा पुण्य : अभिषेक शर्मा जज कंपाउंड में रहने वाले अभिषेक शर्मा ने बताया कि उनका ओ–निगेटिप ग्रुप है और रक्तदान अभियान चलाने वाले रोहित अग्रवाल अधिवक्ता उनके मित्र हैं, उनसे प्रभावित होकर उन्होंने रक्तदान करने का निर्णय लिया। जब भी किसी गर्भवती महिला, ऑपरेशन कराने वाले समेत अन्य को रक्त की जरूरत पड़ती तो वह उन्हें फोन कर देते। उन्होंने प्लेटलेट्स भी दान किए हैं। किसी की जान बचाने से बड़ा पुण्य और मानव सेवा कोई नहीं हो सकती।

### आजमगढ़ बिलरियागंज स्थानीय विकासखंड के पटवध बाजार में ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन की बैठक

आजमगढ़ ब्यूरो : बिलरियागंज स्थानीय विकासखंड के पटवध बाजार में ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन की बैठक रविवार को दोपहर में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता कर रहे हैं ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष बृज भूषण



उपाध्याय ने संगठन की मजबूती पर जोर दिया ।उन्होंने कहा कि पत्रकार समाज की रीढ़ होता है इसलिए हम अपने कर्तव्य को ईमानदारी और निष्ठा पूर्वक करते रहें। पत्रकारों की एकता ही हम लोगों का एक सम्बल है। इस अवसर पर नरेंद्र बहादुर राय, आशुतोष मिश्रा, सर्वेश पांडे, तारकेश्वर मिश्र, राजकुमार जयसवाल, सुरेंद्र राय, ओंकार मिश्रा, कृष्ण मोहन उपाध्याय सहित दर्जनों पत्रकार उपस्थित रहे।

# दर्शनीय स्थल ही नहीं शिक्षा–चिकित्सा पर्यटन का भी हब बना गोरखपुर शहर

गोरखपुर ब्यूरो : गुरु गोरखनाथ और सूफी संत हजरत रौशन अली शाह की नगरी गोरखपुर, अब दर्शनीय स्थल के साथ ही शिक्षा–चिकित्सा पयर्टन का भी हब बन चुकी है। यहां स्थित दर्शनीय स्थल और आधुनिक सुविधाएं पूर्वांचल के साथ ही नेपाल के लोगों को भी आकर्षित कर रही हैं। प्रकृति ने भी दिया है दिल खोलकर गोरखपुर प्राकृतिक पर्यटन के रूप में भी उभरा है। रामगढ़ताल पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र बन चुका है। यहां मोटर बोट, पॉवर बोट, बनाना बोट, डबल डेकर, स्कूटर बोट लोगों को खूब पसंद आ रहे हैं। पूर्व मंडलायुक्त जयंत नार्लिकर ने विलेज टूरिज्म आरंभ की थी। इसमें शहरी और विदेशी पर्यटकों को ग्रामीण जीवन का आनंद लेने के लिए गांवों में कुछ पल बिताने का मौका दिया जाता है। गांव में रहकर पर्यटक स्थानीय भोजन व वातावरण का आनंद लेते हैं। विलेज टूरिज्म की यह पद्धति भी धीमी गति से विकसित हो रही है। इनके अलावा यहां शहीद अशफाक उल्लाह खां प्राणि उद्यान और कुसम्ही जंगल भी पर्यटन का पर्याय बन चुके हैं। कुसम्ही जंगल, जंगल सफारी जैसी रोमांचक स्थल के रूप में विकसित हो सकता है। एम्स ने बनाया चिकित्सा का केंद्र अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) ने गोरखपुर को आधुनिक चिकित्सा सेवा का केंद्र बना दिया है। यहां जिले के साथ ही आसपास के जिलों के साथ ही बिहार और नेपाल के मरीज भी इलाज के लिए पहुंचते हैं। जिले में आयुष विश्वविद्यालय का शिलान्यास हो चुका है। यहां इलाज शुरू होते ही गोरखपुर चिकित्सा की हर पद्धति के इलाज की सुविधा वाला पूर्वांचल हीं नहीं, प्रदेश का पहला जिला बन जाएगा। आयुष विश्वविद्यालय में आयुर्वेद, यूनानी, प्राकृतिक चिकित्सा, सिद्धा, होम्योपैथी और योग पद्धति से इलाज की सुविधा होगी। आयुष विश्वविद्यालय के शिलान्यास के साथ गोरखपुर चिकित्सा की हर पद्धति के इलाज सुविधा वाला पूर्वांचल हीं नहीं, प्रदेश का पहला जिला बन गया है। एम्स में जहां आधुनिक एलोपैथी



चिकित्सा और सर्जरी की सुविधा उपलब्ध है। वहीं, आयुष विश्वविद्यालय में आयुर्वेद, यूनानी, प्राकृतिक चिकित्सा, सिद्धा, होम्योपैथी और योग पद्धति से इलाज की सुविधा है। महर्षि पांचवें वेद के रूप में प्रसिद्ध आयुर्वेद की शिक्षा के साथ ही ऋषि पतंजलि, वाग्भट्, धनवंतरि जैसे आयुर्वेदाचार्यों की पद्धति से असाध्य बीमारियों का भी इलाज होगा। इन बड़ी चिकित्सा संस्थाओं के साथ बड़े निजी अस्पतालों के कारण गोरखपुर चिकित्सा पर्यटन का हब बन चुका है।

शिक्षा पयर्टन का भी बढ़ रहा दायरा उच्च स्तरीय अकादमिक शिक्षा देने वाले दीन दयाल उपाध्याय विश्वविद्यालय के कारण गोरखपुर का शिक्षा के क्षेत्र में पहले से ही नाम है। अब मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय ने जिले की ख्याति को और बढ़ा दिया है। यहां तकनीकी शिक्षा के लिए दूर–दूर से विद्यार्थी आने लगे हैं। गुरु गोरक्षनाथ विश्विविद्यालय और आयुष विश्वविद्यालय के शुरू होने के बाद जिला शिक्षा पर्यटन का हब बन जाएगा। आज जहां एमएमएमयूटी में शिक्षा हासिल कर युवा तकनीकी, वैज्ञानिक, आईटी जैसे आधुनिक विषयों के दिग्गज बन रहे हैं, वहीं गुरु गोरक्षनाथ विश्वविद्यलाय में परंपरागत भारतीय संस्कृति आधारित शिक्षा गृहण कर सकेंगे। वाटर स्पोर्ट्स कांप्लेक्स हाल ही में तैयार वाटर स्पोर्ट्स कांप्लेक्स राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर की जलक्रीड़ा प्रतियोगिता और वाटर एडवेंचर के लिए का केंद्र बन गया है। यहां स्थानीय लोगों के साथ ही आसपास के जिलों और नेपाल के पर्यटक पहुंच रहे हैं। गोरखपुर पर्यटन अधिकारी रवींद्र मिश्रा ने कहा कि गोरखपुर के अधिकतर पर्यटन स्थलों का सौंदर्यीकरण हो चुका है। पर्यटकों की संख्या भी बढ़ रही है। पर्यटकों को सुविधा देने के लिए होटल वालों से किराए में छूट देने और कोरोना गाइडलाइन का पालन करने की अपील की गई है।

# गुंडों का गिरोह है सपा : मुजफ्फरनगर दंगे और आजम खां की साजिश हम भूल नहीं सकते–संजीव बालियान

मेरठ ब्यूरो : केंद्रीय मंत्री संजीव बालियान ने मंगलवार को मेरठ में प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि सपा के प्रत्याशियों की सूची में दंगाई और माफिया शामिल हैं। जनता इनकी सूची देखकर वोट करे। संजीव बालियान ने कहा कि सपा गुंडों का गिरोह है। जहां हर जिले में गुंडे इकठ्ठा हो गए हैं। 2012 से 2017 और 2017 से 2022 का शासन देखकर तय करें कि भाजपा को क्यों दोबारा जिताना है। केंद्रीय मंत्री संजीव बालियान ने कहा कि अखिलेश यादव के कार्यकाल में पश्चिम उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री आजम खां हुआ करते थे। मैं कवाल कांड को नहीं भूल सकता हूं। मुझे पता है, दो बच्चों के हत्यारों को आजम खां के कहने पर किस तरह छोड़ा गया। मुजफ्फरनगर के एसएसपी–डीएम का तबादला नहीं होता तो दंगा नहीं होता। दंगे का असली जिम्मेदार आजम था। कैराना पलायन के मुद्दे पर डॉ. संजीव बालियान ने कहा कि हमारी सरकार ने विकास किया है। विकास को मुद्दा बना रहे हैं तो जो गलत हो रहा था वह भी मुद्दा है। कैराना



पलायन को लोगों को याद दिलाना इसलिए जरूरी है कि वह भूल ना जाएं। संजीव बालियान ने कहा कि हमारी सरकार ने विकास किया है। बेहतर कानून व्यवस्था दी। इंफ्रास्ट्रक्चर में भाजपा से ज्यादा काम किसी ने नहीं किया। पश्चिम में सड़कों का जाल बिछ गया है। किसानों को लेकर संजीव बालियान ने कहा कि विपक्षी सिर्फ बोलते हैं, भाजपा ने किसानों के लिए जितना काम किया है, उतना किसी ने नहीं किया। योगी सरकार बनते ही किसानों का 36 हजार करोड़ कर्ज माफ किया गया। किसानों को सम्मान निधि दी गई। बिजली की व्यवस्था आज सबसे बेहतर है। अखिलेश द्वारा 300 यूनिट बिजली फ्री दिए जाने पर बालियान ने कहा कि उन्होंने अपने घर में नोट छापने की मशीन लगा रखी है क्या।

## सुरेश के जीवन में शुरू हुआ 'नया संविधान' : गणतंत्र दिवस पर पहुंचे आश्रम की शरण में : बेटों के लिए लाते थे तिरंगी झंडिया

आगरा ब्यूरो : गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर जीवन का तंत्र इस कदर बिगड़ा कि 75 साल के बुजुर्ग को आश्रम की शरण लेनी पड़ी। ताजनगरी के बल्केश्वर के रहने वाले 75 साल के बुजुर्ग सुरेश कुमार लड़खड़ाते कदमों से अपने जीवन के नए संविधान की तलाश में रामलाल वृद्ध आश्रम पहुंचे। आश्रम के मुख्य द्वार पर खड़े हुए थे कि अंदर से आवाज आ गई। कोई नए बाबा आए हैं। आश्रम का एक सेवक बुजुर्ग सुरेश को अंदर लेकर पहुंचे। वहां पहुंचते ही सुरेश फूट फूटकर रोने लगे। आश्रम में पहले से रह रहे 270 बुजुर्गों को यह समझ आ गया कि सुरेश के घर का भी संविधान खराब हो चुका है। सुरेश का कहना था कि परचून की दुकान करते हैं। दो बेटे हैं। दोनों ने घर में रखने से मना कर दिया। इसलिए आश्रम की शरण में आना पड़ा है। उनका कहना था कि आज की सुबह इसलिए उन्हें ज्यादा सताएगी क्योंकि गणतंत्र दिवस पर बचपन में जिन बच्चों के लिए तिरंगे की झंडिया लेकर आता



था, आज उन बेटों ने मुझे घर से बेघर कर दिया है। रोटी के लिए करना पड़ता था घंटों इंतजार आश्रम पहुंचे सुरेश कुमार रात को काफी गुमसुम रहे। काफी कोशिशों के बाद उन्होंने अपने आश्रम के बुजुर्ग साथियों को बताया कि भोजन की थाली के लिए काफी परेशान किया जाता था। दोनों बेटों की कोशिश रहती थी कि मैं उनके यहां खाना नहीं खाऊं। अकेले में देर तक रोता रहता था। कोई पूछने तक नहीं आता था कि पापा आपने खाना खा लिया या नहीं। अफसोस भरे लहजे में सुरेश यह कहते हुए फफक पड़े कि पता नहीं भगवान ने ऐसा क्यों कर दिया। बुजुर्ग मित्रों की मिली नई मंडली रामलाल वृद्ध आश्रम के अध्यक्ष शिव प्रसाद शर्मा ने बताया कि सुरेश बाबा शाम को आश्रम पहुंचे। यहां उन्हें रहने के लिए एक कमरा दिया गया है। उनकी आश्रम में नए बुजुर्गों की मंडली बन गई है। मंगलवार की शाम को आश्रम में होने वाली भजन संध्या में भी उन्होंने प्रभु के भजन गुनगुनाए।

# टीचिंग लर्निंग रिसर्च एवं रिसोर्स समेत कई बिंदुओं पर हुई चर्चा

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय परिसर के इंजीनियरिंग संकाय के विश्वेश्वरैया हाल में एनआईआरएफ रैंकिंग प्राप्त करने के लिए की जा रही तैयारियों के संदर्भ में कोविड प्रोटोकाल का पालन करते हुए मंगलवार को एक बैठक आहूत की गई। बैठक की अध्यक्षता एनआईआरएफ समिति के संयोजक प्रोफेसर राम नारायण द्वारा की गई। एनआईआरएफ रैंकिंग के लिए बनाए गए प्रारूप के छह बिंदुओं टीचिंग लर्निंग एवं रिसोर्स, रिसर्च एवं प्रोफेशनल प्रैक्टिसेज, ग्रेजुएशन आउटकम्स आउटरीच इंक्लूजिविटी एंड परसेप्शन के विभिन्न आयामों पर चर्चा हुई। इन बिंदुओं का पावर प्वाइंट प्रस्तुतीकरण रज्जू भैया संस्थान के वैज्ञानिक डॉ सुजीत कुमार चौरसिया द्वारा किया गया। बैठक में परिसर के सभी संकाय अध्यक्ष, विभागाध्यक्ष एवं अन्य शिक्षक गण उपस्थित रहे। उक्त उद्देश्य से छात्रों द्वारा लिए जाने वाले फीडबैक फॉर्म के विभिन्न बिंदुओं पर डॉ अनु त्यागी द्वारा चर्चा की गई। और एनआईआरएफ समिति के सदस्यों डॉ मनीष कुमार गुप्ता, डॉक्टर मनीष प्रताप सिंह, फ्री विजय बहादुर मौर्य, श्री मंगला प्रसाद एवं श्री सुशील कुमार एनआईआरएफ की तैयारियों को लेकर प्रयासरत हैं। प्रस्तुतिकरण में बताया गया की यदि किसी शिक्षक को प्रपत्र भरने में किसी प्रकार की दुविधा आ रही है उसका निराकरण किया गया जितने भी शिक्षक मौजूद थे उन्होंने अपने शंकाओं के लिए प्रश्न किए और उनका समाधान समिति द्वारा सुझाए गए। बैठक का संचालन डॉ राजकुमार ने करते हुए बताया कि पूर्वांचल विश्वविद्यालय एनआईआरएफ में ग्रेडिंग प्राप्त करने के लिए प्रयासरत है। इसकी सभी प्रक्रिया पर विश्वविद्यालय एआईआरएफ के सदस्य गंभीरता से विचार कर रहे हैं और उसे पूरी तरह फॉर्मेट में भरने का प्रयास कर रहे हैं, ताकि उनकी और विश्वविद्यालय संबंधी कोई भी कमी या जानकारी छूट न जाए। एनआईआरएफ समिति के सदस्य संतोष कुमार द्वारा धन्यवाद ज्ञापन किया गया। बैठक में प्रोफेसर बीबी तिवारी, प्रो.देवराज सिंह, प्रो. अशोक कुमार श्रीवास्तव, डॉ रजनीश भास्कर, डॉ आशुतोष कुमार सिंह, डॉक्टर सचिन अग्रवाल, महेंद्र प्रताप यादव, डॉक्टर मिथिलेश यादव, डॉक्टर दिनेश वर्मा, डॉ सुशील कुमार, श्री विजय बहादुर मौर्य, सत्यम उपाध्याय, विशाल यादव आदि शिक्षक उपस्थित थे।

## बालिका दिवस के अवसर पर 15 वर्ष से कम आयु की बच्चियों को टीका करण के साथ आत्म रक्षा की जानकारी दिया गया – डा. सीमा सिंह

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : महिला चिकित्सालय की मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा. तबस्सुम बनो के दिशा निर्देशन में टीका करण में पहुँची 15 वर्ष से कम आयु की बच्चियों को बालिका दिवस पर काउंसलर सीमा सिंह द्वारा उन्हें आत्मरक्षा से सम्बन्धित महत्वपूर्ण जानकारी दिया गया, और चिकित्सालय में आयी उन बच्चियों को जो विशेष बातों को समझती हो या जो बहुत छोटी हो उसके साथ संबंधित उसके परिवार के लोगों को बच्चियों के स्वास्थ्य से संबंधित वर्कशॉप दिया गया है जो बच्चे अपनी सुरक्षा के बारे में जानना चाहती थी उनको वूमेन हेल्पलाइन नंबर उनके बारे में जानकारी दी गई और यदि उनके साथ कोई शोषण हो रहा हो तो वह कैसे निकल सकती है क्या–क्या टूल इस्तेमाल करें और सरकार के द्वारा चलाए गए जितनी भी योजनाएं हैं उनका उन्हें कैसे लाभ मिलेगा की जानकारी से अवगत कराया गया। जिसमें एक बच्ची ने कहा कि वह पैसे के अभाव में आगे नहीं पढ़ सकती है जिसके लिए उसे सरकार की विभिन्न योजनाओं के बारे में बताया गया की छात्राओं को पढ़ाई के लिए क्या–क्या धनराशि कहां कहां से महिला कल्याण विभाग से किस तरीके से बच्चियों की पढ़ाई के लिए दी जाएगी और किस तरीके से दिलाई जा सकती है इस बात के लिए भी उक्त बच्ची को जानकारी दी गई, जिसके बाद उन बच्चियों को देश की उन महान विभूतियों के बारे में बताया गया जो इस दुनिया में नहीं है उन सभी वीरगति प्राप्त महिलाओं के बारे में बताया गया जिन्होंने राष्ट्र निर्माण में अपनी अहम भूमिका निभाई थी, और आज के परिवेश में एक महिला अपने राष्ट्र के लिए क्या कर सकती है एक स्वस्थ



समाज और स्वस्थ परिवार के लिए किस तरह के व्यवहार होना चाहिए, नारी का समाज में क्या स्थान होता है यह सारी बातें बताई गई और नारी की सुरक्षा व भ्रूण हत्या के संबंध में अवगत कराया साथ ही यह भी बताया कि पूरे ब्रह्मांड में संतुलन बनाए रखने के लिए नारी का क्या महत्त्व है व नारी का क्या स्थान है उसके बारे मे भी बताया गया बालिका दिवस पर चिकित्सालय आई हुई बच्चियों को कम समय में विस्तार पूर्वक नारी सुरक्षा और नारी के महत्व के लिए चर्चा हुई जिसमें यह भी बताया गया कि जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में हर मार्ग का मार्गदर्शन करते हुए नारी ने भी एक अपनी सफल पहचान बना कर इतिहास में अपना नाम दर्ज कर अहम भूमिका निभाई हैं। डॉ. सीमा सिंह द्वारा बच्चियों को आत्मरक्षा व स्वास्थ्य सम्बन्धित जानकारी दिया गया, जिसमें उनके सहयोगी रही साधना श्रीवास्तव, कुसुम गौड़, नीलू बानो, फार्मासिस्ट राकेश पटेल।

## समाजवादी कुटिया के संस्थापक द्वारा नगर में भ्रमण कर सपा सरकार बनने पर लोगों को नई योजना के बारे में अवगत कराया

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : नगर के अहियापुर मोहल्ला क्षेत्र स्थित समाजवादी कुटिया के संस्थापक ऋषि यादव द्वारा नगर क्षेत्रों में भ्रमण कर लोगों से संपर्क कर समाजवादी सरकार की नीतियों के बारे में अवगत कराया ऋषि यादव समाजवादी कुटिया के संस्थापक ने लोगों से संपर्क कर बताया कि प्रदेश में समाजवादी सरकार बनने पर समाजवादी सरकार की तरफ से प्रदेश के लोगों को 300 यूनिट मुफ्त बिजली दी जाएगी, आईटी के क्षेत्रों में 22 लाख रोजगार की व्यवस्था होगी, किसानों को सिंचाई के लिए मुफ्त बिजली दी जाएगी, पुरानी पेंशन व्यवस्था पुनः लागू होगी, यश भारती सम्मान पुनः चालू होगा, 15 दिन में गन्ना किसानों का भुगतान किया



जाएगा, वही नौजवानों को लैपटॉप दिया जाएगा, फसलों के लिए एम एस पी प्रदान कराया जाएगा, पेंशन 1500 रुपये प्रति माह दिया जाएगा, साथ ही समाजवादी सरकार की नीतियों व योजनाओं के बारे में सम्पर्क कर अवगत कराया।

# केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्टस वेलफेयर एसोसिएशन का गणतंत्र दिवस पर झण्डा रोहण कार्यक्रम संपन्न

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्टस वेलफेयर एसोसिएशन का गणतंत्र दिवस पर झण्डा रोहण का कार्यक्रम बदलापुर पड़ाव स्थित अकबर पैलेस में सम्पन्न हुआ।गणतंत्र दिवस पर सभा की अध्यक्षता श्री शकील अहमद ने किया संस्था के महामंत्री व ओसीडी के प्रदेश अध्यक्ष श्री दिवाकर सिंह,संरक्षक श्री राजदेव यादव,चौयरमैन श्री अखिलेश श्रीवास्तव सम्मिलित रूप से झण्डा रोहन करके राष्ट्रीय ध्वज को सलामी देकर सामूहिक राष्ट्रीय गान किया गया।श्री दिवाकर सिंह उपस्थित सदस्यों को गणतंत्र दिवस के ऐतिहासिक परिपेक्ष्य पर प्रकाश डाले आगे उन्होंने कोरोना से बचाव तथा दवा व्यापार में पारदर्शिता के आह्वान किया और आगामी चुनाव में सभी मतदान के लिए अध्यक्ष से अपील करने को कहा,अध्यक्ष ने उपस्थित सदस्यों को परिवार एवं इष्ट मित्रों सहित मतदान में भागीदारी के लिए सबको संकल्प दिलाते हुए गणतंत्र दिवस पर शुभकामनाएं दिए।श्री राजदेव यादव ने प्रदेश के विकास पर संतोष व्यक्त करते हुए आगे और आवश्यकता पर जोर दिया।कार्यवाहक महामंत्री श्री श्याम सिंह एवं सहमंत्री श्री प्रशांत मौर्य ने सभा मे आये लोगो को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं प्रेषित किए,अध्यक्ष श्री शकील उपस्थित सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए सभा का समापन



किया।इस अवसर पर कोषाध्यक्ष श्री बंशीधर मौर्य, ऑडिटर श्री सुनील गुप्ता,चौयरमैन एक्शन कमेटी श्री राकेश प्रताप सिंह,उपाध्यक्ष कमल अग्रवाल,सह मंत्री आनंद साहू,श्याम गुप्ता, कनवीनर सर्जिकल महेश पांडे,कनवीनर जेनेरिक डीके सेठ,कनवीनर बेटनरी विनय गुप्ता,मनोज कुमार,रामआसरे,राजीव सिंह,अखिलेश प्रजापति,संगम यादव आदि सम्मानित सदस्य उपलब्ध रहे।

# वोट के बहुमूल्य अधिकार का सम्मान करें: अम्बरीष

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर विभिन्न सरकारी गैरसरकारी संस्थाओं एवं संगठनों द्वारा मताधिकार पर आयोजन हुए। इस अवसर पर भारत विकास परिषद के अध्यक्ष अम्बरीष कुमार सक्सेना ने कहा कि हमें मत के बहुमूल्य अधिकार का सदैव सम्मान करना चाहिए। मताधिकार एक सामान्य अधिकार नहीं हैय विश्व भर के लोगों




ने इसके लिए बहुत संघर्ष किया है। स्वतंत्रता के बाद से, हमारे संविधान ने सभी नागरिकों को योग्यता, धर्म, वर्ग, जाति के आधार पर बिना किसी भेदभाव के समान मताधिकार दिया है। इसके लिए हम अपने संविधान निर्माताओं के ऋणी हैं। उन्होंने बताया कि मतदाता दिवस मतदाताओं, विशेषकर देश के नए मतदाताओं की निर्वाचकीय भागीदारी बढ़ाने और उन्हें संसूचित, नैतिक और सतर्क मतदाता के रूप में सशक्त बनाने के उद्देश्य से मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भारत में निर्वाचन, आयोग के अधीक्षण, निर्देशन और नियंत्रण में आयोजित एक विशाल कार्य है। स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी निर्वाचनों के लक्ष्य्य की पूर्ति हेतु लॉजिस्टिक्स्स के अतिरिक्त, व्यापक पैमाने, आकार, विविधता और जटिलता के संदर्भ में इस कवायद की अपनी चुनौतियां हैं। समयसीमा में सख्त अनुपालन की अपेक्षा होती है किन्ह्हीं भी विलंबों और गलतियों के लिए बहुत कम गुंजाइश होती है। यही हमारे निर्वाचनों को दूसरों के लिए पवित्र और आदर्श बनाता है। उधर क्षेत्रीय एवं यूनानी अधिकारी हरदोई डॉ आशा रावत जी के निर्देशानुसार राजकीय आयुर्वैदिक चिकित्सालय टुमुर्की रेवा मुरादपुर में राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया गया।उपस्थित सभी लोगों ने मतदान तिथि पर वोट देने का संकल्प लिया।

## पुलिस अधीक्षक श्रीमती बबिता साहू को दिया गया राष्ट्रपति पदक और प्रदेश सरकार द्वारा शौर्य पदक



जौनपुर डीकेयू ब्यूरो : 26 जनवरी के पूर्व संध्या पर पुलिस अधीक्षक श्रीमती बबिता साहू को राष्ट्रपति पदक और प्रदेश सरकार द्वारा शौर्य पदक दिया गया। प्रादेशिक पुलिस सेवा की 1992 बैच की वरिष्ठ पुलिस अधिकारी श्रीमती बबीता साहू को राष्ट्रपति पदक जीतने पर प्रयागराज और जौनपुर में लोगों ने अपने को गौरवान्वित महसूस किया है। सन 1992 बैच की पी पी एस अधिकारी रही । इन्होंने पुलिस उपाधीक्षक के रूप में प्रयाग राज से ही अपनी पहली पोस्टिंग शुरू किया। इसके अलावा बुलंदशहर, फतेहगढ़, वाराणसी में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा चुकी हैं। वह आगरा जनपद में विभिन्न पदों पर रहते हुए वर्तमान में विजिलेंस विभाग की एसपी के पद पर कार्यरत हैं। वही दूसरी ओर उन्हें प्रदेश सरकार द्वारा शौर्य के लिए भी रजत पदक से सम्मानित किया गया। इन्होंने समाज के कमजोर और सभी तबकों को हमेशा राहत पहुंचाया हैं।पूर्वांचल विश्वविद्यालय से , इलाहाबाद विश्वविद्यालय तथा काशी हिन्दू विश्वविद्यालय में उन्होंने अपनी उच्च शिक्षा के दौरान भी मजबूर लोगों की शिक्षा पूरा कराने में मदद की थी। पूरे प्रदेश में साहू समाज द्वारा हर्ष व्यक्त किया जा रहा है। इसके पूर्व में भी सन 2020 में भी प्रदेश सरकार द्वारा उत्कृष्ट सेवा पदक से उन्हे नवाजा जा चुका है।सन 2010 में पुलिस प्रशिक्षण के लिए न्यू मेक्सिको अमेरिका प्रदेश सरकार द्वारा चुना गया था। जनपद जौनपुर जिले में अपनी पढ़ाई पूरी करके उन्होंने आइएएस के लिए भी चयन 1995 में लिया था किंतु पुलिस सेवा के आकर्षण और लोगों से सीधे संवाद स्थापित करने की चाह ने उन्होंने प्रदेश की पीपीएस के पद को चुना। जौनपुर जिले से उन्हे परिवार से उनकी माता, बड़ी बहन साधना साहू, सविता साहू, संध्या साहू, राजेश साहू,राकेश साहू वा सभी गुरुजनों ने उन्हे बंधाई दी है।

## अखिल भारतीय कायस्थ महासभा ने नेता सुभाष चन्द्र बोस की जयंती पर धूमधाम से किया माल्यार्पण

शाहजहाँपुर ब्यूरो : नेता जी सुभाष चन्द्र बोस जयंती पर अखिल भारतीय कायस्थ महासभा ने सुभाष चौराहा (हथौडा चौराहा) स्थित कायस्थ कुल गौरव नेता जी सुभाष चन्द्र बोस जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर एक गौष्ठी का आयोजन ग्लेरिंग पब्लिक स्कूल निकट दुर्गा इन्क्लेव सीतापुर रोड पर किया।गोष्ठी में कृपाशंकर सक्सेना , पवन कुमार सक्सेना , प्रशांत सक्सेना




, अवनीश सक्सेना , राजीव सक्सेना , महेश सक्सेना , देश दीपक सक्सेना , अनुज जौहरी , नीरज सक्सेना वैभव श्रीवास्तव , डॉ. कुनाल सक्सेना , संदीप सक्सेना , अल्पना श्रीवास्तव , आदि वक्ताओं ने विचार रखते। कार्यक्रम में प्रमोद सक्सेना , सुधांशु सक्सेना, रमेश सक्सेना अक्षय सक्सेना , पवन सहाय नवनीत रंजन , राजीव सक्सेना (राजू) रचित मोहन सक्सेना , राकेश सक्सेना , संजीव सक्सेना , प्रिंस श्रीवास्तव , अनमोल सक्सेना , परमेश चन्द्र , मनोज श्रीवास्तव ,संचित श्रीवास्तव , विक्रम श्रीवास्तव , दिनेश श्रीवास्तव , अनूप राना , परमेश श्रीवास्तव , अमित भटनागर , यश श्रीवास्तव , प्रांजल सक्सेना , शिव श्रीवास्तव , रिशु आदि चित्राँश उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता संयुक्त रूप से बालकृष्ण श्रीवास्तव , कृपाशंकर सक्सेना ने तथा संचालन मुकेश श्रीवास्तव ने किया।

# जे एन तिवारी तथाकथित स्वयंभू नेता का कर्मचारी संगठनों ने किया पुरजोर विरोध –अशोक कुमार

लखनऊ ब्यूरो : समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री उ प्र श्री अखिलेश जी द्वारा पुरानी पेंशन बहाल किए जाने के मुद्दे को अपने चुनावी घोषणा पत्र में डालने की बात कहने से पूरे प्रदेश के कर्मचारियों में खुशी का माहौल व्याप्त है लेकिन कुछ कर्मचारी संगठन के लोग नई पेंशन स्कीम को सही ठहरा कर माननीय मुख्यमंत्री जी से मिलकर यह कह रहे हैं कि आपके द्वारा किए गये कार्यों से सरकार के सारे कर्मचारी खुश हैं जो कि विपरीत व बिल्कुल न्यायोचित नहीं है । उल्लेखनीय है कि कर्मचारी संगठन के नाम पर जो प्रतिनिधिमंडल माननीय मुख्यमंत्री श्री योगी जी से मिला है वह कर्मचारी काफी वर्ष पहले सेवानिवृत्त हो चुका है और परिषद के पैड का दुरुपयोग कर सरकार व कर्मचारियों को भ्रमित कर रहा है । परिषद मान्यता प्राप्त संगठनों का परिसंघ है और वर्तमान परिवेश में एक भी मान्यता प्राप्त संघ इनके साथ नही है जिससे स्पष्ट होता है कि कर्मचारी नेता नही गुमराह करने वाला सेवानिवृत्त कर्मी है जो पूर्व में विधानसभा चुनाव भी लड़कर बुरी तरह पराजित हो चुके है ।मा मुख्यमंत्री जी से भेंट कर फोटो धिचा कर अधिकारियों के ऊपर दबाव बनाकर अनर्गल कार्य करवाता है ,जो कदापि उचित नही है ।अशोक कुमार ने बताया की वह केवल घूम घूम के कर्मचारियों का अहित ही करता है ।यदि पश्चिम बंगाल में पुरानी पेंशन मिल सकती है तो उत्तर प्रदेश में पुरानी पेंशन क्यों नहीं मिलेगी जब तक पुरानी पेंशन नहीं मिलेगी तब तक हम लोग का संघर्ष जारी रहेगा और हमारे प्रदेश के सभी कर्मचारियों से अधिकारियों से अपील है के कर्मचारी विरोधी राजनीति करने वाले संगठनों को पहचाने उनको समय पर माकूल जवाब दें जो हम लोगों की पुरानी पेंशन की बात करेगा हम उसी को आने वाले विधानसभा चुनाव में वोट देंगे और यह पूरे प्रदेश के सभी कर्मचारी दृढ़ निश्चय कर लिए हैं कोई भी पीछे नहीं हटेगा । अबकी विधानसभा चुनाव कर्मचारियों के पुरानी पेंशन बहाली पर ही होगा पूरे प्रदेश के 14 लाख कर्मचारी उनके परिवार के लोग उनके हित मित्र दोस्त लोग सब उसी को वोट देंगे जो हमारी पुरानी पेंशन की बात करेगा।

# काव्यगोष्ठी एवं परिचर्चा आयोजित कर डॉक्टर राममनोहर त्रिपाठी को अर्पित की गई श्रद्धांजलि

ठाणे ब्यूरो अमित कुमार पाण्डेय : पत्रकारिता मिशन संस्था – हनुमान नगर, कांदिवली पूर्व, मुंबई– माघ , कृष्णपक्ष, पंचमी , आनंद संवत्सर विक्रम संवत् 2078 – नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयन्ती दिवस के अवसर पर पत्रकारिता मिशन संस्था द्वारा संस्था कार्यालय हनुमान नगर, कांदिवली (पूर्व ) में " डॉक्टर राममनोहर त्रिपाठी " की जयंती के निमित्त काव्यगोष्ठी एवं परिचर्चा आयोजित कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई । कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉक्टर राममनोहर त्रिपाठी के सुपुत्र वरिष्ठ पत्रकार नवभारत टाइम्स अनुराग त्रिपाठी जी ने किया तथा प्रमुख वक्ता के तौर पर वरिष्ठ शिक्षक गंगा प्रसाद तिवारी एवं प्रधानाध्यापक एन एल विद्यालय मिथिलेश मिश्र जी उपस्थित रहे । काव्यपाठ वरिष्ठ कवि राम सिंह, हरीश शर्मा यमदूत , जवाहर लाल निर्झर, वरिष्ठ पत्रकार रवि यादव , कल्पेश यादव , अजय शुक्ल बनारसी , जाकिर हुसैन रहबर , राकेशमणि तिवारी , महेश गुप्ता तथा संदेश मुकुन्द दुबे ने किया । अतिथि के तौर पर पत्रकार आनंद पाण्डेय, तीर्थराज तिवारी , जितेन्द्र कुमार मिश्र, हरिकृष्ण सिंह, एड☐ अमरजीत यादव , गोविन्द तिवारी एवं प्रशांत तिवारी की उपस्थिति उल्लेखनीय रही । कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे डॉक्टर राममनोहर त्रिपाठी के सुपुत्र वरिष्ठ पत्रकार अनुराग त्रिपाठी जी ने उनके व्यक्तित्व को रेखांकित करते हुये वर्तमान में हो रहे राजनीतिक क्षरण को लेकर अपनी चिंता जाहिर की । उन्होंने आगे कहा कि , जहाँ वर्तमान में पार्टियों से लेकर कार्यकर्ता तथा मतदाता तक की कीमत लगती है वहीं बाबूजी के दौर में उनसे जुड़े लोग अपनी जेब से खर्च कर प्रचार किया करते थे । श्री त्रिपाठी ने कहा कि , राजनीति मे अब राष्ट्रहित के



लिए जरूरत दलगत और जातिगत भावना से ऊपर उठकर नैष्ठिक ईमानदार एवं प्रबुद्ध लोगों को चुनने की है । प्रमुख वक्ता के तौर पर उपस्थित वरिष्ठ शिक्षक गंगा प्रसाद तिवारी ने जहाँ स्वर्गीय त्रिपाठी के सादगी एवं ईमानदारी की प्रशंसा की वहीं प्रधानाध्यापक मिथिलेश मिश्र ने कहा कि , श्री त्रिपाठी ही एकमेव ऐसे उत्तर भारतीय नेता थे जिनका सम्मान सभी राजनैतिक दलों द्वारा किया जाता है । कार्यक्रम में पधारे सभी उपस्थित अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुये संस्था अध्यक्ष राकेशमणि तिवारी ने कहा कि – राजनीति में रह कर अपनी स्वतः की कृतियों से राजनेताओं को आईना दिखाने वाला कवि , पत्रकार, समाजसेवी जनसरोकार से जुड़ा जनता की भावना और पीड़ा को समझने वाला राजनेता, एक बहुआयामी विरला व्यक्तित्व डॉक्टर त्रिपाठी के अतिरिक्त कोई और दूसरा नहीं हो सकता । कार्यक्रम का संचालन संस्था के उपाध्यक्ष राम सिंह ने किया तथा सहयोगी के तौर पर कोषाध्यक्ष अनुराग मिश्र, चन्द्रगुप्त चौहान , रविन्द्र कुमार सिंह , अखिलेश एच पाण्डेय एवम् शिवम तिवारी आदि उपस्थित रहे।

# कश्मीरी छात्रों के खिलाफ राष्ट्रद्रोह में चार्जशीट पेश : इंजीनियरिंग कर रहे हैं तीनों छात्र

आगरा ब्यूरो : दुबई में हुए टी–20 विश्व कप में 24 अक्तूबर 2021 को भारत की हार और पाकिस्तान की जीत पर जश्न मनाने के केस में आरोपी कश्मीरी छात्र अरशीद यूसुफ, शौकत अहमद गनी और इनायत अल्ताफ शेख के खिलाफ कोर्ट में चार्जशीट पेश कर दी गई। इसमें उन्हें राष्ट्रद्रोह और साइबर आतंकवाद की धारा के तहत आरोपी बनाया गया है। तीनों बिचपुरी स्थित आरबीएस इंजीनियरिंग संकाय से इंजीनियरिंग कर रहे थे। पुलिस ने चार्जशीट के लिए शासन से अनुमति मांगी थी। मगर, अनुमति नहीं मिली। हालांकि आरोपियों की गिरफ्तारी को 90 दिन पूरे हो रहे थे। चार्जशीट नहीं लगने पर आरोपियों को जमानत मिल सकती थी। इस पर पुलिस ने मंगलवार को कोर्ट में चार्जशीट पेश कर दी। थाना जगदीशपुरा के प्रभारी निरीक्षक प्रवींद्र कुमार सिंह ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ राष्ट्रद्रोह और साइबर आतंकवाद की धारा में कोर्ट में चार्जशीट पेश की गई है। इसमें 12 गवाह बनाए गए हैं। इनमें कालेज प्रबंधन से जुड़े लोगों के साथ ही छात्र और अन्य लोग हैं। साक्ष्य के रूप में मोबाइल, व्हाट्स एप पर डाले गए स्टेट्स की सीडी हैं। तीनों आरोपी जेल में बंद हैं। 90 दिन में चार्जशीट पेश करनी थी। इसकी समय सीमा खत्म हो रही थी। इसके लिए शासन से अनुमति मांगी गई थी। मगर, अभी अनुमति नहीं आई है। यह अभी बाद में भी आ जाएगी। विधि विज्ञान प्रयोगशाला की रिपोर्ट भी बाद में सम्मिलित किया जाएगा। रिपोर्ट जल्द भेजने के लिए पत्राचार किया जाएगा। चार्जशीट नहीं लगने पर आरोपियों को लाभ मिलता। यह था मामला। टी–20 विश्वकप में 24 अक्तूबर 2021 को भारत पाकिस्तान



के बीच क्रिकेट मैच हुआ था। भारत पर पाकिस्तान की जीत के बाद आरोपी तीनों छात्रों ने व्हाटस एप पर स्टेटस डाला था। आरोप है कि उन्होंने पाकिस्तान की जीत पर जश्न मनाया। देश विरोधी नारेबाजी की। सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद लोगों को जानकारी हुई थी। कॉलेज प्रबंधन ने तीनों कश्मीरी छात्रों को निलंबित कर दिया था। बाद में भाजयुमो पदाधिकारियों ने कॉलेज पहुंचकर प्रदर्शन किया था। कार्रवाई की मांग की थी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया था। अरशीद यूसुफ, शौकत अहमद गनी बड़गांव और इनायत अल्ताफ शेख बांदीपोरा के रहने वाले हैं। पुलिस ने आरोपियों को 27 अक्तूबर 2021 को गिरफ्तार किया। दूसरे दिन कोर्ट में पेश किया था। इसके बाद जेल भेजा गया था। मुख्यमंत्री तक यह मामला पहुंचा था। शासन ने सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए थे। भाजयुमो पदाधिकारी ने लिखाया था मुकदमा। इस मामले में थाना जगदीशपुरा में भारतीय जनता युवा मोर्चा के पदाधिकारी गौरव राजावत की तहरीर पर धारा 153 ए, 505 (1)(बी) और आईटी एक्ट की धारा–66 एफ में मुकदमा दर्ज किया था। बाद में राष्ट्रद्रोह की धारा 124ए की वृद्धि की गई थी। आरोपियों का मोबाइल फोरेंसिक साइंस लैब भी भेजा गया था।

# नगर निगम की साफ–सफाई से वंचित साहब गंज बार्डर

अयोध्या (संवाददाता ( सुरेंद्र कुमार। देश का सबसे बड़ा पर्व गणतंत्र दिवस के मौके पर आज साहबगंज स्थित एसएसबी इंटर कॉलेज के सामने साफ सफाई की व्यवस्था को लेकर नगर निगम उपेक्षा कर रहा है इसी क्रम में एसएसबी स्कूल के सामने प्रत्येक वर्ष चुना नगर निगम द्वारा छिड़काव किया जाता रहा लेकिन इस वर्ष नगर निगम ने इस स्कूल के सामने उपेक्षा दिखाइए ना कहीं चूने का छिड़काव हुआ साफ सफाई की व्यवस्था भी चरमरा गई है ऐसे में स्थिति यह है कि प्रशासन कैसे इतने बड़े पर्व पर आखिर क्यों उपेक्षा कर रहा है इसका कारण क्या होगा जबकि चुनाव सर पर है और प्रशासन शासन द्वारा लगातार समाज की सामाजिक विषयों पर और साफ–सफाई पर ध्यान देने में लगा हुआ है प्रशासन द्वारा लाखों करोड़ों का टेंडर होता है लेकिन ऐसी उपेक्षा कहीं देखने को नहीं मिलती जो आज देखने को मिल रही है अभी हम स्थानीय लोगों थी से बात करके आप के सामने रखते हैं।

## 10 विधवाओं को सैनिक कार्यालय में 3100 रुपये का चेक और एक–एक कंबल देकर किया गया सम्मानित

जौनपुर सू.वि. : जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा द्वारा 73वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर 1962, 1965, तथा 1971 की लड़ाई में शहीद हुए सैनिकों की




10 विधवाओं को सैनिक कार्यालय में 3100 रुपये का चेक और एक–एक कंबल देकर सम्मानित किया और उनका हाल चाल जाना।उन्होंने कहा आप सभी पर हम सभी को गर्व है।

# जनपद में धूम–धाम से मनाया गया 73 वाँ गणतंत्र दिवस

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जनपद में 73 वॉ गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा द्वारा कलेक्ट्रेट में झंडारोहण किया गया। कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी द्वारा झंडारोहण के पश्चात कलेक्ट्रेट सभागार में गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि महापुरुषों के द्वारा दी गई कुर्बानियां के कारण ही देश आजाद हुआ और प्रगति के पथ पर दिन रात आगे बढ़ रहा हैं। उन्होंने कहा कि जिसने गुलामी देखी हैं उसे ही स्वतंत्रता का महत्व पता होगा। उन्होंने





कहा कि भारत के लोकतंत्र की नीव बड़ी गहरी है। उसे हिलाना आसान नही है। जिलाधिकारी ने कहा कि इस बार विधानसभा सामान्य निर्वाचन–2022 को सकुशल संपन्न कराना हम सबका दायित्व है। उन्होंने सभी से अपील की 07 मार्च को बढ़ चढ़ कर मतदान करे और मजबूत लोकतंत्र का निर्माण करे। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व राम प्रकाश ने गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि कोई भी कार्य मुश्किल नही होता है अपितु कार्य करने की इच्छा शक्ति हो। अपर जिलाधिकारी भू–राजस्व रजनीश राय ने कहा कि आपस मे मिलजुलकर कार्य करेंगे तब ही हम अपने सपनो का भारत बनाने में कामयाब होंगे। नगर मजिस्ट्रेट ने कहा कि हम अपने दायित्वों एवं कर्तव्यों का सही ढंग से पालन करे यही सच्ची श्रद्धांजलि होंगी। इस अवसर पर कवि प्रखर, कलेक्ट्रेट कर्मचारी संघ के अध्यक्ष शिवमोहन श्रीवास्तव ने भी अपने विचार व्यक्त किये। जनक कुमारी की छात्राओ द्वारा राष्ट्रगीत प्रस्तुत किया गया। सभी छात्राओ को जिलाधिकारी ने पुरुस्कार देकर सम्मानित किया। इसके पश्चात जिलाधिकारी, अपर जिलाधिकारी, नगर मजिस्ट्रेट ने गांधी तिराहा एवं अम्बेडकर तिराहे पर जाकर महात्मा गांधी जी एवं अम्बेडकर जी की प्रतिमा पर माल्यापर्ण किया। संचालन आशीष त्रिपाठी ने किया। इस अवसर पर पीओ डूडा अनिल वर्मा, जिला सूचना अधिकारी मनोकामना राय सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। गणतंत्र दिवस समारोह पर पुलिस लाइन में भव्य परेड का आयोजन पुलिस अधीक्षक अजय साहनी के निर्देशन में किया गया। मुख्य अतिथि जिलाधिकारी द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया तथा परेड का निरीक्षण किया गया। महिला पुलिस, बाइक दस्ता, स्क्वायड दस्ता, क्राइम ब्रांच दस्ता, आर्म्ड पुलिस के दस्ते परेड में शामिल रहे। इसके अलावा अग्निशमन विभाग ने भी परेड में विशेष प्रदर्शन किया। परेड के बाद पुलिस लाइन में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए।

# तीन साल में 1.11 करोड़ पौधे लगाने का दावा, हरियाली एक मीटर भी न बढ़ी, फॉरेस्ट सर्वे ऑफ इंडिया की रिपोर्ट में चौंकाने वाला खुलासा

आगरा ब्यूरो : ताज ट्रिपेजियम जोन में शामिल आगरा में 2019 से 2021 के बीच तीन साल में 1.11 करोड़ पौधे लगाने का दावा किया गया। लेकिन जब फॉरेस्ट सर्वे ऑफ इंडिया की रिपोर्ट जारी हुई तो इसमें आगरा का वन क्षेत्र एक मीटर भी नहीं बढ़ा। रिपोर्ट के मुताबिक साल 2019 में आगरा का वन क्षेत्र 262.62 वर्ग किमी था। 2021 में भी इतना ही है। जीपीएस और आधुनिक सेटेलाइट इमेज के आधार पर किए गए सर्वे में पूरे ताज ट्रिपेजियम जोन में वन क्षेत्र नहीं बढ़ा, केवल झाड़ियों की संख्या में 0.52 फीसदी का इजाफा हुआ है। कागजों में लगे, हकीकत में ठूंठ भी न दिखे वन विभाग ने संरक्षित वन क्षेत्रों और खाली कराई गई 90 हेक्टेयर जमीन पर पौधारोपण के दावे किए। साथ ही अन्य विभागों को भी जिम्मेदारी सौंपी गई। सभी ने कागजों में पौधरोपण की रिपोर्ट भेजी, लेकिन हकीकत में गड्ढे खाली दिखे, उनमें ठूंठ भी न नजर आए। अवधपुरी, मारुति एस्टेट रोड, अलबतिया रोड, जीआईसी मैदान, खंदारी चौराहे केपास आईएएस हॉस्टल केसामने, कोठी मीना बाजार मैदान, इनर रिंग रोड, फतेहाबाद रोड पर पौधरोपण के दावों के उलट न तो सड़क किनारे और न ही डिवाइडर पर पौधे नजर आए। वन विभाग, ग्राम्य विकास विभाग ने 27 विभागों को दी थी जिम्मेदारी वर्ष 2020 में वन विभाग ने 14.24 लाख, ग्राम्य विकास विभाग ने 16.37 लाख और वर्ष 2021 में वन विभाग ने 12 लाख, ग्राम्य विकास विभाग ने 14 लाख पौधे लगवाने के दावे किए थे। इन्होंने नगर विकास, पंचायती राज, रेलवे, पुलिस, शिक्षा, विश्वविद्यालय, लोक निर्माण विभाग, स्वास्थ्य विभाग, एडीए, राजस्व विभाग समेत 27 विभागों को पौधे लगाने की जिम्मेदारी दी थी। 10 वर्ष में 0.34 फीसदी से घटा वनक्षेत्र 30 दिसंबर, 1996 को सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर गठित ताज ट्रिपेजियम जोन अथॉरिटी में आगरा मंडल के आगरा, फीरोजाबाद, मथुरा अलीगढ़ मंडल के हाथरस, एटा और राजस्थान के भरतपुर जिले का 10,400 वर्ग किमी क्षेत्र आता है। टीटीजेड क्षेत्र में वनावरण 33 प्रतिशत होना चाहिए। फॉरेस्ट सर्वे ऑफ इंडिया के अनुसार साल 2011 में आगरा में हरियाली 6.84 फीसदी थी जो अब 2021 की रिपोर्ट में गिरकर 6.5 फीसदी रह गई। 10 वर्ष में 0.34 फीसदी वन क्षेत्र घटा है। 4041 वर्ग क्षेत्रफल में फैले आगरा में 62.68 वर्ग किमी में मध्यम घनत्व वाले वन और 199 वर्ग किमी में ओपन फॉरेस्ट है। बाकी झाड़ियों का हिस्सा है। आगरा में कुल 262.62 वर्ग किमी में हरियाली पाई गई। 10 साल में 14 किमी जंगल काट दिया 2011 से 2021 के



बीच दस साल में आगरा में 14 किमी जंगल में कमी आई है। वन क्षेत्र वर्ष 2011 में 276 किमी से घटकर अब वर्ष 2021 की रिपोर्ट में 262.62 वर्ग किमी रह गया है। इस अवधि में यमुना एक्सप्रेसवे, लखनऊ एक्सप्रेसवे, माल रोड चौड़ीकरण, रेलवे लाइन बिछाने और बिजली परियोजनाओं के साथ आगरा मेट्रो प्रोजेक्ट आदि में 1.40 लाख पेड़ काट दिए गए जो 100 साल तक पुराने थे। विभागों से पौधरोपण की रिपोर्ट मांगी हमने अन्य विभागों से पौधरोपण की रिपोर्ट मांगी है। इनमें से कुछ जगहों पर शिकायतें मिली हैं, जिन पर विचार के लिए 28 जनवरी को पर्यावरण समिति की बैठक होनी है। कोशिश है कि जहां पौधरोपण हुआ है, वहां पौधे जीवित बने रहें। – अखिलेश पांडेय, डीएफओ 10 वर्ष लगते हैं पेड़ बनने में आगरा में कई विकास कार्यों के लिए पुराने पेड़ काटे गए हैं। उनकी जगह जो पौधे लगे हैं, उन्हें पेड़ बनने में कम से कम 10 वर्ष का समय चाहिए। इसलिए नई रिपोर्ट में न कमी और न बढ़ोत्तरी दिखाई है। इसमें पुराने आंकड़े शामिल किए गए हैं। – राकेश चंद्रा, वन संरक्षक आगरा मंडल रिपोर्ट ने विभागों की पोल खोली फॉरेस्ट सर्वे की रिपोर्ट ने सरकारी विभागों की पोल खोलकर रख दी है। एक इंच भी हरियाली का न बढ़ना बताता है कि मानसून में हर वर्ष लाखों पौधे केवल कागज पर लगाए जा रहे हैं। ये बेहद शर्मनाक हालात है, टीटीजेड चेयरमैन को इस पर गंभीरता से विचार करना चाहिए। – डॉ. शरद गुप्ता, पर्यावरणविद दावों की ऑडिट कराई जाए बेहद चिंताजनक रिपोर्ट है। हर साल लाखों पौधे लगाने के जो दावे किए गए हैं, उनकी ऑडिट कराई जाए। इसमें तकनीक का इस्तेमाल हो और जो विभाग दोषी है, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई हो। – उमेश शर्मा, सदस्य, टीटीजेड अथॉरिटी।

# प्रयागराज में प्रत्याशियों के चयन में सपा ने साधा जातीय संतुलन

प्रयागराज ब्यूरो : विधानसभा चुनाव 2022 के मद्देनजर समाजवादी पार्टी ने मंगलवार को जिले की 12 विधानसभा में से सात सीटों पर प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है। पार्टी ने टिकट बंटवारे में जातीय संतुलन भी बनाने की कोशिश की है। यादव, पटेल और बिंद बिरादरी को टिकट दिया गया है। शहर उत्तरी से जहां संदीप यादव को टिकट दिया है, वहीं मेजा से संदीप पटेल को टिकट देकर यादव और पटेल दोनों बिरादरी को साधने की कोशिश की है। इसी तरह बसपा से सपा में शामिल हुए हाकिमलाल बिंद को हंडिया से प्रत्याशी बनाया गया है। इसी रह सोरांव सुरक्षित सीट पर गीता पासी को उम्मीदवार बनाया है। करछना से निवर्तमान विधायक उज्ज्वल रमण सिंह को सपा ने फिर टिकट दिया है। उज्ज्वल रमण सिंह सपा के कद्दावर नेता और राज्यसभा सांसद कुंवर रेवती रमण सिंह के पुत्र हैं। बारा सुरक्षित से अजय मुन्ना को सपा ने टिकट दिया है। इसी तरह कोरांव सुरक्षित सीट से रामदेव निडर पर भरोसा जताया है। कोरांव से रामदेव निडर बने प्रत्याशी रामदेव निडर मूलरूप से कोरांव विधानसभा क्षेत्र के मेजा गांव निवासी हैं और शुरुआत से ही समाजवादी कार्यकर्ता रहे हैं। मेजा विधानसभा से एक बार समाजवादी पार्टी से चुनाव लड़ चुके रामदेव निडर को कोरांव विधानसभा के गठन के बाद 2017 में समाजवादी पार्टी का टिकट मिला था, लेकिन कांग्रेस पार्टी से गठबंधन होने के कारण चुनाव नहीं लड़े थे। संदीप पटेल बारा के मूल निवासी हैं। उनका ननिहाल जफरा मसौली मांडा है, जहां पर संदीप रहते हैं। संदीप छात्र जीवन से ही जुझारू नेता थे। 1993 में एडीसी में अध्यक्ष चुने गए थे। उसके बाद से सपा की राजनीति कर रहे हैं। इसके पहले सपा में पूर्व प्रदेश सचिव की जिम्मेदारी संभाल चुके संदीप इस समय सपा जिला महासचिव हैं। इन्होंने सन 2002 में बारा से अपना दल से विधानसभा



का चुनाव लड़ा था। जिसमें इनको लगभग 20 हजार वोट मिले थे। इसके कुछ समय बाद ही इन्होंने समाजवादी पार्टी की सदस्यता ले ली थी। उज्ज्वल रमण पर सपा ने फिर जताया भरोसा गीता पासी सोरांव विधानसभा अंतर्गत के थरवई थाना क्षेत्र के मिताई का पूरा गांव की निवासी हैं, जो पिछली बार विधानसभा चुनाव में सोरांव विधानसभा से बहुजन समाज पार्टी की उम्मीदवार थीं। इस दौरान इन्होंने अपना दल एस के उम्मीदवार डॉक्टर जमुना प्रसाद सरोज से तकरीबन 17000 वोटों से पराजित हुई थीं। उज्जवल रमण सिंह वरांव रियासत से ताल्लुक रखते हैं। उनके पिता रेवती रमण सिंह करछना से सात बार विधायक रहे और इलाहाबाद संसदीय सीट से दो बार सांसद भी रह चुके हैं और वर्तमान में राज्यसभा सांसद हैं। उनकी विरासत को आगे बढ़ाते हुए उज्ज्वल रमण करछना विधानसभा से दो बार विधायक और मंत्री पद पर भी रह चुके हैं। राजनीति में आने से पहले वे लखनऊ हाईकोर्ट बेंच में वकालत करते थे। 2017 में भाजपा की लहर के बावजूद भाजपा प्रत्याशी पीयूष रंजन निषाद को बड़े अंतर से शिकस्त दे चुके हैं। वर्तमान मैं विधायक होने के साथ ही सपा की ओर से पुनः प्रत्याशी बनाए गए हैं। जिससे करछना विधानसभा के सपा कार्यकर्ताओं में उत्साह है। विपक्ष में होने के बावजूद जनता के बीच 5 साल हमेशा मौजूद रहे।

# तीन दिन से हॉस्टल से गायब थी छात्रा : रूम पार्टनर से कहा था–दवा लेकर आती हूं

प्रयागराज ब्यूरो : दरिंदगी का शिकार हुई ईश्वर शरण कॉलेज की छात्रा मूल रूप से सरायमरेज की रहने वाली थी। वह बघाड़ा स्थित गर्ल्स हॉस्टल में रहती थी। 22 जनवरी की रात वह दवा लेने जाने की बात कहकर हॉस्टल से निकली और फिर नहीं लौटी। उसकी रूम पार्टनर ने 23 जनवरी को उसके परिजनों को इस बात की जानकारी फोन से दी। दिन भर तलाश के बाद भी कुछ पता नहीं चलने पर शाम को परिजनों ने कर्नलगंज थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई। पुलिस ने गर्ल्स हॉस्टल पहुंचकर जांच पड़ताल की तो पता चला कि सलोरी में ही रहकर तैयारी करने वाले आजमगढ़ निवासी अमन सिंह से उसकी बातचीत होती थी और वह 22 जनवरी की रात उससे मिलने गई थी। पुलिस को जब अमन को हिरासत में लेकर उससे पूछताछ की तो उसने बताया कि घटना वाले दिन वह छात्रा से मिलने के लिए सादियाबाद के पास स्थित सुनसान स्थान पर गया था। इसी दौरान वहां तीन–चार लोग आए और दोनों को बेरहमी से पीटना शुरू कर दिया। किसी तरह मौका पाकर वह वहां से जान बचाकर भाग निकला लेकिन इस दौरान छात्रा को हमलावरों ने पकड़ लिया। इसके बाद पुलिस ने सोमवार सुबह सादियाबाद के आसपास रहने वाले 11 नशेड़ियों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की। उनसे मिली जानकारी के आधार पर शाम छह बजे के करीब सादियाबाद के पास स्थित जंगल में सर्च ऑपरेशन शुरू किया। करीब एक घंटे बाद जंगल के भीतर स्थित सूखे कुएं में छात्रा की लाश बरामद हुई। कुएं में फेंके जाने, शव निकालने में लगी थीं चोटें। छात्रा के शव के पोस्टमार्टम के दौरान यह बात भी सामने आई कि मृतका के शरीर पर मिलीं चोटें कुएं में फेंके जाने के दौरान और फिर शव बाहर निकालने के दौरान आईं। दरअसल पोस्टमार्टम में खुलासा हुआ कि शरीर पर मौजूद चोटें उसकी मौत के बाद आईं। यानी कुएं में फेंके जाने के दौरान ऊंचाई से गिरने की वजह से उसके सिर और कुएं में लगे लोहे के पाइपों से टकराने की वजह से शरीर के अन्य हिस्सों में चोटें आईं। उधर शरीर पर मिले खरोंच के निशानों की बाबत माना जा रहा है कि शव कुएं से बाहर निकालने के दौरान यह चोटें लगीं।

# थाना मुंगराबादशाहपुर पुलिस ने तीन शातिर जालसाजों को किया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्री अजय साहनी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जौनपुर द्वारा आगामी विधानसभा चुनाव को सकुशल सम्पन्न कराये जाने के दृष्टिगत अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के कुशल निर्देशन में व क्षेत्राधिकारी मछलीशहर के निकट पर्यवेक्षण में दिनांक 25.01.2022 को थानाध्यक्ष मुगरा बादशाहपुर मय टीम द्वारा मुखबिर खास की सूचना पर व्यक्तियों के साथ धोखाधड़ी कर एटीएम कार्ड व पिन कोड को चोरी कर एटीएस कार्ड से पैसा निकालने व आनलाइन खरीददारी करने वाले गिरोह को चोरी की योजना बनाकर अपराध करने के लिये आते समय ही गोविन्दासपुर पुल के पास से 03 शातिर अपराधियों को कुल 42 विभिन्न बैंकों के एटीएम कार्ड, सात हजार रुपया नगद, 03 अवैध तमंचा 315 बोर मय 03 जिन्दा कारतूस व चोरी की एक अपाचे मोटर साइकिल के साथ दिनांक 25/01/2022 को समय करीब 13.10 बजे दिन में गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध थाना स्थानीय पर अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है। अभियुक्तों की गिरफ्तारी से जनपद में इस तरह के अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगेगा। गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरण व आपराधिक इतिहास– ऋषिकेश पाल उर्फ शनि पुत्र सुरेश कुमार पाल निवासी भुवालपुर डोमीपुर थाना जेठवारा जनपद प्रतापगढ़। 1. मु0अ0सं0–19/2022 धारा–411/419/420/467/468/471 भा0द0वि0 थाना मुगरा बादशाहपुर जौनपुर। 2.मु0अ0सं0–20/2022 धारा–3/25 आयुध अधि0 थाना मुगरा बादशाहपुर जौनपुर। 3. मु0अ0सं0–23/2022 धारा–401 भा0द0वि0 थाना मुगरा बादशाहपुर जौनपुर। 4.मु0अ0सं0–18/2022 धारा–379/411/420/406 भा0द0वि0 थाना मुगरा बादशाहपुर जौनपुर। 5.मु0अ0सं0–232/2021 धारा–392/411 भा0द0वि0 थाना मुगरा बादशाहपुर जौनपुर। 6. मु0अ0सं0–363/2017 धारा –419/420 थाना कोतवाली शहर प्रतापगढ़। 7.मु0अ0सं0–372/2017 धारा–411/419/420/467/468/471 भा0द0वि0 थाना कोतवाली शहर प्रतापगढ़। 8.मु0अ0सं0–303/2020 धारा–323/504/506/452 भा0द0वि0 थाना फतनपुर प्रतापगढ़। 9.मु0अ0सं0–46/2019 धारा–419/420 थाना जेठवारा प्रतापगढ़। 10.मु0अ0सं0–267/2021 धारा–307/419/420/467/468/471 भा0द0वि0 थाना कोतवाली बीकापुर



जनपद अयोध्या।(पुलिस मुठभेड़) 11.मु0अ0सं0–270/2021 धारा–3/25 आयुध अधि0 थाना कोतवाली बीकापुर अयोध्या। 2.राहुल पाल पुत्र अनिल पाल निवासी टिकरी थाना मान्धाता जनपद प्रतापगढ़। 1–मु0अ0सं0–19/2022 धारा–411/419/420/467/468/471 भा0द0वि0 थाना मुगरा बादशाहपुर जौनपुर। 2.मु0अ0सं0–21/2022 धारा–3/25 आयुध अधि0 थाना मुगरा बादशाहपुर जौनपुर। 3. मु0अ0सं0–23/2022 धारा–401 भा0द0वि0 थाना मुगरा बादशाहपुर जौनपुर। 4.मु0अ0सं0–232/2021 धारा–392/411 भा0द0वि0 थाना मुगरा बादशाहपुर जौनपुर। 5.मु0अ0सं0–226/2019 धारा–419/420/467/468/471 भा0द0वि0 व 66डी आईटी एक्ट थाना शाहगंज जनपद प्रयागराज। 6. मु0अ0सं0–46/2019 धारा–419/420 थाना जेठवारा प्रतापगढ़। 7. मु0अ0सं0–876/2020 धारा–34/419/420/467/468/471 भा0द0वि0 व 65/66सी/66डी/72 आईटी एक्ट थाना लालगंज प्रतापगढ़। 3. मंजीत पाल पुत्र शंकरलाल पाल निवासी गाजीपुर थाना मान्धाता जनपद प्रतापगढ़। 1.मु0अ0सं0–19/2022 धारा–411/419/420/467/468/471 भा0द0वि0 थाना मुगरा बादशाहपुर जौनपुर। 2. मु0अ0सं0–22/2022 धारा–3/25 आयुध अधि0 थाना मुगरा बादशाहपुर जौनपुर। 3.मु0अ0सं0–23/2022 धारा–401 भा0द0वि0 थाना मुगरा बादशाहपुर जौनपुर। 4.मु0अ0सं0–18/2022 धारा–379/411/420/406 भा0द0वि0 थाना मुगरा बादशाहपुर जौनपुर। 5.मु0अ0सं0–226/2019 धारा–419/420/467/468/471 भा0द0वि0 व 66डी आईटी एक्ट थाना शाहगंज जनपद प्रयागराज। बरामदगी का विवरण– 1.चोरी की अपाचे मोटर साइकिल, भिन्न भिन्न बैंकों के 42 ।ज्ड कार्ड, भिन्न भिन्न मुकदमों के बरामद 7000 रुपया नकद, 03 अवैध तमंचा 315 बोर मय 03 कारतूस। गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली टीम– 1.श्री सदानन्द राय थानाध्यक्ष मुगरा बादशाहपुर जौनपुर। 2.उ0नि0 अजयप्रकाश पाण्डेय प्ब्व् सतहरिया थाना मुगरा बादशाहपुर। 3.उ0नि0 दिनेश कुमार थाना मुगरा बादशाहपुर जौनपुर। 4.हे0का0 विनोद कुमार सिंह, का0 गयाप्रसाद पटेल, का0 अभिमन्यू यादव, का0 रविप्रकाश यादव, का0 रविशंकर शाह, का0 सन्तोष यादव, का0 मिथिलेश कुमार, हे0का0चा0 मनोज कुमार चौबे, थाना मुगरा बादशाहपुर जौनपुर।

# थाना मुंगराबादशाहपुर पुलिस ने 24 किलोग्राम गांजे के साथ तीन शातिर अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्री अजय साहनी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जौनपुर द्वारा आगामी विधानसभा चुनाव को सकुशल सम्पन्न कराये जाने के दृष्टिगत अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के कुशल निर्देशन में व क्षेत्राधिकारी मछलीशहर के निकट पर्यवेक्षण में दिनांक 25.01.2022 को थानाध्यक्ष मुगरा बादशाहपुर मय टीम द्वारा सन्दिग्ध वाहनों/व्यक्तियों की चेकिंग के दौरान मुखबिर खास की सूचना पर कुल 24 किलो अवैध गाँजा के साथ 03 अभियुक्तों को सतहरिया औद्योगिक क्षेत्र हाइवे से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध थाना स्थानीय पर अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है। अभियुक्तों की गिरफ्तारी से जनपद में इस तरह के अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगेगा। अभियुक्तों का विवरण व पंजीकृत अभियोग– 1.श्यामलाल यादव पुत्र हीरालाल यादव निवासी गौरा थाना फतनपुर जनपद प्रतापगढ़। 1.मु0अ0सं0–24/2022 धारा–8/20 एनडीपीएस एक्ट थाना मुगरा बादशाहपुर जौनपुर। 2.अजय गुप्ता पुत्र रामचन्दर गुप्ता निवासी निर्भयपट्टी थाना फतनपुर जनपद प्रतापगढ़। 1.मु0अ0सं0–25/2022 धारा–8/20 एनडीपीएस एक्ट थाना मुगरा बादशाहपुर जौनपुर। 3.अनूप गुप्ता पुत्र श्यामलाल गुप्ता निवासी नाथ का पूरा थाना फतनपुर जनपद



प्रतापगढ़। 1.मु0अ0सं0–26/2022 धारा–8/20 एनडीपीएस एक्ट थाना मुगरा बादशाहपुर जौनपुर। बरामदगी का विवरण– 1. 24 किलो ग्राम गांजा गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाली टीम– 1.श्री सदानन्द राय, थानाध्यक्ष मुगरा बादशाहपुर जौनपुर। 2.उ0नि0 अजयप्रकाश पाण्डेय चौकी प्रभारी सतहरिया थाना मुगरा बादशाहपुर। 3.उ0नि0 दिनेश कुमार थाना मुगरा बादशाहपुर जौनपुर। 4.हे0का0 विनोद कुमार सिंह, का0 ओमप्रकाश मिश्रा, का0 गयाप्रसाद पटेल, का0 अभिमन्यू यादव, का0 रविप्रकाश यादव, का0 रविशंकर शाह, का0 सन्तोष यादव, का0 मिथिलेश कुमार,हे0का0 दिलीप यादव, का0 शुभम शुक्ला, हे0का0चा0 मनोज कुमार चौबे थाना मुगरा बादशाहपुर जौनपुर।

# गोलागंज बारुदखाना आवासीय समिति ने किया झंडारोहण

आर एल पाण्डेय लखनऊ। भारत के 73 वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर बारुदखाना स्थित विश्वेश्वर नाथ पार्क में प्रत्येक वर्ष की भांति गोलागंज बारूदखाना आवासीय समिति व सर्वेश्वर महादेव कार्यसेवा समिति के संयुक्त तत्वावधान में भव्य झंडारोहण का कार्यक्रम आयोजित किया गया और निश्चित समय पर ही प्रातः 11:00 बजे क्षेत्र के सबसे वरिष्ठ व्यक्ति डॉक्टर के के श्रीवास्तव के द्वारा बझंडारोहण कार्यक्रम सम्पन्न कराया गया। झंडारोहण के उपरांत बच्चों के रंगारंग कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया जिसमें छोटे छोटे बच्चों ने देशभक्ति के गीतों पर नृत्य प्रस्तुत किया। लगभग 1 घंटे तक चले इस कार्यक्रम में दर्जनों बच्चों ने हिस्सा लिया जिसमें 2 वर्ष से लेकर 14 वर्ष तक की आयु के बच्चे और बच्चियां शामिल थे। बच्चों की इस प्रस्तुति से कार्यक्रम में आए सभी लोग बहुत उत्साहित थे। रंगारंग कार्यक्रम के उपरांत निर्णायक मंडल के द्वारा प्रथम द्वितीय व तृतीय पुरस्कार की घोषणा की गई और साथ ही अन्य सभी प्रतिभागी बच्चों को सांत्वना पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। प्रथम पुरस्कार विजेता आराध्या अवस्थी, द्वितीय पुरस्कार ज्ञानेश्वरी , तृतीय पुरस्कार विराट पांडे को दिया गया। सभी पुरस्कृत बच्चों को एक साथ मंच पर बुलाकर उनका ग्रुप फोटो भी कराया गया।



# राम नगरी में 73वां गणतंत्र दिवस के अवसर पर सम्मानित किए गए पुलिसकर्मी

अयोध्या (संवाददाता ( सुरेंद्र कुमार। अयोध्या रामनगरी में 73वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर जनपद की पुलिस लाइन में शान से तिरंगा लहराया गया। मंडलायुक्त नवदीप रिनवा ने ध्वजारोहण कर तिरंगे को सलामी दी । पुलिस की टोलियों ने परेड के माध्यम से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया । परेड में पुलिस की टीम,एनडीआरएफ, फायर टीम, डॉग स्क्वायड, अग्निशमन की टीम, और यातायात की टीमो ने झांकियों के माध्यम से अपनी कला का प्रदर्शन किया । इसके पश्चात कई स्कूलों के नन्हे मुन्ने बच्चो ने नृत्य और नाटक के माध्यम से देश के वीर सपूतों को याद किया और लोगो का दिल जीत लिया । नृत्य का मुख्य आकर्षण मूक बधिर बच्चे रहे जिन्होंने अपनी कला से मुख्य अतिथियों का मनोरंजन किया। ध्वजारोहण के पश्चात पुलिस लाईन में उपस्थिति जिला जज वीर नायक सिंह, मंडलायुक्त नवदीप रिंनवा, आईजी कविन्द्र प्रताप सिंह, डीएम नीतीश कुमार तथा एसएसपी शैलेश पाण्डेय समेत तमाम प्रशासनिक व पुलिस अफसरों ने पुलिस लाईन स्थित परेड ग्राउंड पहुंचकर तिरंगे को सलामी दी । समस्त कार्यक्रमों के समापन के बाद पुरुस्कार वितरण का कार्यक्रम किया गया । जिसमें जनपद के एसपी सिटी विजय पाल सिंह को राष्ट्रपति सराहनीय सेवा सम्मान प्रशंसा चिन्ह समेत कई अफसरों व कर्मचारियों की हौसला अफजाई में प्रशंसा पत्र और चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। समाज में अच्छे कार्य कर रहे समाज सेवकों और सरयू नदी से हजारों लोगों की जान बचा चुके गोताखोरों को भी उनके उत्कृष्ट कार्य





के लिए सम्मानित किया गया और पुलिस स्वाट टीम के विभाग में तैनात पुलिसकर्मी अमित तिवारी, जितेंद्र, आदि लोगों को सम्मानित किया गया। पुलिस लाइन में सभी कार्यक्रमों की सुन्दर प्रस्तुति व कोविड नियमों के अनुरूप व्यवस्था कराए जाने हेतु अयोध्या जनपद की रिजर्व पुलिस लाईन के प्रतिसार निरीक्षक (आरआई) बृजेन्द्र कुमार सिंह की सभी अधिकारियों व आगंतुक मेहमानों ने प्रशंशा की। मंडलायुक्त नवदीप रनवा ने कहा कि आज का दिन देश के गौरव का दिन है जब हम गणतंत्र दिवस मनाने के लिए इकट्ठा हुए है परेड और कार्यक्रमों को देखकर मन प्रफुल्लित हो गया सभी पुलिस के अधिकारियों कर्मचारियों का बहुत–बहुत धन्यवाद देता हूं इनकी मेहनत से आज का कार्यक्रम हुआ है ।आईजी कवींद्र प्रताप सिंह ने कहा कि आज गणतंत्र दिवस के ऐतिहासिक दिन जनपद की पुलिस और स्कूली बच्चों ने और ऐतिहासिक बनाया और बलिदान दिए गए शहीदों की याद दिलायी।

# 73 वें गणतंत्र दिवस पर राम नगरी के पुलिस लाइन में शान से लहरा तिरंगा

अयोध्या(संवाददाता) सुरेंद्र कुमार। रामनगरी में गणतंत्र दिवस के अवसर पे पुलिस लाइन में शान से तिरंगा लहराया गया। पुलिस लाईन में उपस्थिति जिला जज वीर नायक सिंह, मंडलायुक्त नवदीप रिंनवा, आईजी कविन्द्र प्रताप सिंह, डीएम नीतीश कुमार तथा एसएसपी शैलेश पाण्डेय समेत तमाम प्रशासनिक व पुलिस अफसरों ने पुलिस लाईन स्थित परेड ग्राउंड पहुंचकर दी तिरंगे को सलामी। जनपद के एसपी सिटी विजय पाल सिंह को राष्ट्रपति सराहनीय सेवा सम्मान प्रशंसा चिन्ह समेत कई अफसरों व कर्मचारियों की हौसलाअफजाई में प्रशंसा पत्र और चिन्ह दिया गया। पुलिस लाईन में सभी कार्यक्रमों की सुन्दर प्रस्तुति व कोविड नियमों के अनुरूप व्यवस्था कराए जाने हेतु अयोध्या जनपद की रिजर्व पुलिस लाईन के प्रतिसार निरीक्षक (आरआई) बृजेन्द्र कुमार सिंह की सभी अधिकारियों व आगंतुक मेहमानों ने की प्रशंसा की। इसके पश्चात कई स्कूलों के नन्हे मुन्ने बच्चो ने नृत्य और नाटक के माध्यम से देश के वीर सपूतों को याद किया और लोगो का दिल जीत लिया । नृत्य का मुख्य आकर्षण मूक बधिर बच्चे रहे जिन्होंने अपनी कला से मुख्य अतिथियों का मनोरंजन किया। ध्वजारोहण के पश्चात पुलिस लाईन में उपस्थिति जिला जज वीर नायक सिंह, मंडलायुक्त नवदीप रिंनवा, आईजी कविन्द्र प्रताप सिंह, डीएम नीतीश कुमार तथा एसएसपी शैलेश पाण्डेय समेत तमाम प्रशासनिक व पुलिस अफसरों ने पुलिस लाईन स्थित परेड ग्राउंड पहुंचकर तिरंगे को सलामी दी । समस्त कार्यक्रमों के समापन के बाद पुरुस्कार वितरण





का कार्यक्रम किया गया । जिसमें जनपद के एसपी सिटी विजय पाल सिंह को राष्ट्रपति सराहनीय सेवा सम्मान प्रशंसा चिन्ह समेत कई अफसरों व कर्मचारियों की हौसला अफजाई में प्रशंसा पत्र और चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। समाज में अच्छे कार्य कर रहे समाज सेवकों और सरयू नदी से हजारों लोगों की जान बचा चुके गोताखोरों को भी उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया। सभी पुलिस के अधिकारियों कर्मचारियों का बहुत–बहुत धन्यवाद देता हूं इनकी मेहनत से आज का कार्यक्रम हुआ है ।आईजी कवींद्र प्रताप सिंह ने कहा कि आज गणतंत्र दिवस के ऐतिहासिक दिन जनपद की पुलिस और स्कूली बच्चों ने और ऐतिहासिक बना दिया और आजादी के लिए दिए गए बलिदान एवं शहीदों की याद दिलायी गई।

# अयोध्या विधानसभा से चुनाव लड़ेंगे जगद्गुरु परमहंस आचार्य

अयोध्या (संवाददाता ( सुरेंद्र कुमार। श्रीरामजन्मभूमि पर भव्य मंदिर निर्माण की मांग लेकर को आमरण–अनशन करने वाले तपस्वी छावनी पीठाधीश्वर जगद्गुरु परमहंस आचार्य ने बड़ी घोषणा किया है। वह अयोध्या विधानसभा से विधायकी का चुनाव लड़ेंगे। साथ ही मोदी–योगी के नाम पर वोंट मांगकर रिकार्ड मतों से जीत भी दर्ज करेंगे। उन्होंने मंगलवार को अपने आश्रम पर पत्रकारों से बातचीत में कहा कि भाजपा ने राष्ट्रवाद की स्थापना किया है। पीएम मोदी से पूरा देश प्रभावित है। वह पूरे 24 घंटे राष्ट्र के लिए काम कर रहे हैं। जिस तरीके से मोदी–योगी के कार्यकाल में अयोध्या का विकास हुआ है। ठीक वैसा ही जन प्रतिनिधि अयोध्या को चाहिए। योगी के बारे में जब हम साधु–संतों को पता चला कि वह अयोध्या विधानसभा से विधायकी का चुनाव लड़ेंगे। तो इससे हम संतों में खुशी की लहर दौड़ गई। इस खुशी में हम संतों ने मिठाई बांटा था। लेकिन जब संतों को पता चला कि सीएम योगी अयोध्या से चुनाव न लड़कर गोरखपुर से लड़ेंगे। तो इससे हम साधु–संत बहुत ही निराश और खफा हैं। परमहंस आचार्य ने कहा अयोध्या से उचित जनप्रतिनिधि न मिलने के कारण हमने निर्णय लिया है कि यहां से अगर भाजपा हमको टिकट देती है। तो मैं अयोध्या विधानसभा से भाजपा के टिकट पर विधायकी का चुनाव लड़ूंगा। यदि टिकट नही मिला तो निर्दल चुनाव लड़ने के लिए तैयार हूं। क्योंकि हमारे जो साधु–संत व धर्माचार्य है। उनके मठों का बिजली–पानी बिल माफ होना चाहिए। संतों को उचित सम्मान मिले। मौलवियों को अगर वेतन मिल सकता है। तो हमारे संतों को वेतन क्यों नही मिलता है। संतों ने देश को आगे बढ़ाने में अपने पूरे जीवन का त्याग किया है। आज भारतीय संस्कृति भी इन्हीं के कारण बची हुई है। इसलिए अयोध्या के हमारे जो साधु–संत, धर्माचार्य हैं। उनको सम्मान मिलना चाहिए। वह तभी संभव जब उस विचारधारा का कोई जनप्रतिनिधि होगा। इसलिए मैं एलान करता हूं कि अयोध्या से चुनाव लड़ूंगा। जगद्गुरु ने कहा कि भाजपा टिकट देती है तो ठीक है। टिकट मांगने नही जाऊंगा। मैं धर्माचार्य हूं। निर्दलीय चुनाव लड़ लूंगा मंजूर है। मैंने राममंदिर के लिए आमरण–अनशन किया और अयोध्या से मीट–मांस, मदिरा की दुकानों को बंद करवाया। यहां तक कि जनसंख्या नियंत्रण कानून, समान नागरिक संहिता व गौ रक्षा के लिए लगातार आवाज उठा रहा हूं। इस पर भी भाजपा से टिकट नही मिला। तो निर्दलीय चुनाव लड़कर रिकार्ड मतों से जीत दर्ज करूंगा। सभी साधु–संत, धर्माचार्य व अयोध्यावासी हमारे साथ हैं।

# अयोध्या धाम चैरिटेबल ट्रस्ट गरीबो का बांट रहा है कम्बल

अयोध्या (संवाददाता ( सुरेंद्र कुमार। कड़ाके की ठंड को देखते हुए अयोध्या धाम चैरिटेबल ट्रस्ट परिवार निरंतर 20 जनवरी से जरूरतमंद गरीब लोगों तक रात्रि में अपनी टीम के साथ भ्रमण पर निकल सर जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरण किया जा रहा है। अयोध्या धाम चौरिटेबल ट्रस्ट के संयोजक संजय महिंद्रा ने कंबल वितरण कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि 20 जनवरी से रामघाट अयोध्या स्थित तीनों माई बाड़ा में सैकड़ों माताओं को कंबल वितरण करने के बाद से यह कार्यक्रम 26 जनवरी तक चलेगा आज रात्रि इस भ्रमण अभियान के तहत 250 जरूरतमंद लोगों तक ट्रस्ट परिवार की टीम ने पहुंच कर कंबल वितरण किया जिसमें नाका रिकाबगंज सिटी स्टेशन बाईपास देवकाली अंगूरी बाग ऐसी जगहों पर कंबल वितरण किया गया जिसमें ट्रस्ट परिवार की टीम में ट्रस्ट के वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रतीक भज्जा ट्रस्ट की कोषाध्यक्ष संतोष गर्ग ट्रस्ट के सचिव सचिन सरीन एकता टंडन पवन जयसवाल संदीप मध्यान्ह मंसूर भाई आकाश मौर्य प्रमुख रूप से शामिल थे।

# सहायक अध्यापक की आकस्मिक मौत से विघालय परिवार में शोक की लहर

अयोध्या (संवाददाता ( सुरेंद्र कुमार। पी डी पांडे इंटर कॉलेज सोनैसा रसूलाबाद के पूर्व सहायक अध्यापक एवं प्रबंध समिति से जुड़े सदस्य दीनानाथ पांडे की आकस्मिक निधन की खबर से विद्यालय परिवार में शोक की लहर दौड़ गई । पी डी पांडे इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य एवं माध्यमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष राकेश पांडे की अध्यक्षता में सोमवार को एक शोक सभा विद्यालय में आयोजित की गई । शोक सभा को संबोधित करते हुए प्रधानाचार्य राकेश पांडे ने कहा कि दीनानाथ पांडे जी एक योग्य शिक्षक होने के साथ ही प्रबंध समिति से जुड़े सदस्य भी थे उनके आकस्मिक निधन से विद्यालय परिवार शोकाकुल है तथा स्वर्गीय दीनानाथ पांडे जी के परिवार शोक के समय पूरा विद्यालय परिवार उनके साथ खड़ा है। इस अवसर पर प्रधानाचार्य शिक्षकों ने 2 मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। इस अवसर पर विद्यालय के उप प्रधानाचार्य संजीव चतुर्वेदी, अरविंद वर्मा, राधेश्याम तिवारी,विनीत मिश्रा, मनोज पांडे ,अनिल पांडे ,राधेश्याम वर्मा ,सुनील दुबे, रमाशंकर यादव, अरुण दुबे, सच्चिदानंद शुक्ला, संत सिंह, राकेश पाठक, अशोक द्विवेदी अरविंद कुमार, राजित राम यादव,विजय कुमार, रघुनाथ आदि उपस्थित रहे।

# विकासशील इंसान पार्टी का क्षेत्रीय कार्यालय का हुआ उद्घघाटन

अयोध्या (संवाददाता ( सुरेंद्र कुमार। जिलाध्यक्ष जशपाल निषाद के नेतृत्व में विकासशील इंसान पार्टी का उद्घघाटन मुख्य अतिथि डॉ0 मिथलेश मझवार प्रदेश अध्यक्ष एससी/एसटी प्रकोष्ठ ने फीता काटकर कार्यालय का शुभारंभ किया साथ में उपस्थित रहे अयोध्या मण्डल अध्यक्ष श्री झगरूराम निषाद वीआईपी पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों की बैठक हुई जिसमें विधानसभा अयोध्या, बीकापुर और गोसाईगंज के प्रत्याशी भी उपस्थित रहे जिसमे टिकट को लेकर चर्चा हुई और राष्ट्रीय अध्यक्ष मुकेश साहनी के दिशा निर्देश के अनुसार ही अगली रणनीति पर आगामी विधानसभा चुनाव 2022 में युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष राम सरन निषाद ने बताया कि अन्य पार्टियों को मात देने के लिए विकासशील इंसान पार्टी ने अपना पूरा दमखम दिखायेगी हमे पार्टी की नीति और रणनीति के तहत आरक्षण के साथ साथ सत्ता पर भी काबिज होना है उपस्थित रहे अखिलेश निषाद, मीरारानी,रजकला देवी,बृजेश पटेल, प्रवीण सिंह, अमित,अंकित निषाद, रज्जु वर्मा, बहादुर कन्नौजिया, सिकंदर यादव,फूलचंद गौड़,अतुल यादव , अमरनाथ निषाद, राकेश निषाद, राम बाबू निषाद, किशन देव पहलवान जी,रामकेवल निषाद,जयराम वर्मा, सूरज गौड़,अभिषेक यादव, दिलीप गौड़ आदि लोग मौजूद थे।

# लता मंगेशकर के स्वास्थ्य लाभ हेतु संतों ने किया राजसूय महायज्ञ

अयोध्या (संवाददाता ( सुरेंद्र कुमार। भारत रत्न सुर साम्राज्ञी लता मंगेशकर के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ हेतु आचार्य पीठ तपस्वी छावनी में मंगलवार को राजसूय महायज्ञ का आयोजन किया गया। महायज्ञ तपस्वी छावनी पीठाधीश्वर जगद्गुरु परमहंस आचार्य के संयोजन में सम्पन्न हुआ। इसमें मुख्य अतिथि के रूप मे बड़ाभक्तमाल पीठाधीश्वर महंत कौशलकिशोर दास महाराज उपस्थित रहे। महामृत्युंजय व संकटमोचन हनुमान के मंत्रों का जाप, वेद की रिचाओं के साथ संतों ने यज्ञशाला में आहुतियां डाली। जगद्गुरु परमहंस आचार्य ने कहा कि इस समय स्वर कोकिला लता मंगेशकर की तबीयत बहुत ही खराब है। डाक्टरों ने कहा है इन्हें दवा के साथ–साथ दुआ की भी जरूरत है। उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ और दीर्घायु जीवन के लिए तपस्वी छावनी आश्रम में राजसूय महायज्ञ का आयोजन हुआ, जिसमें संतों ने महामृत्युंजय व संकटमोचन हनुमान के मंत्रों का जाप कर आहुतियां डाली। इससे निश्चित रूप से लता मंगेशकर को जरूर लाभ होगा। वह शीघ्र–अतिशीघ्र स्वस्थ हो जायेंगी। उन्होंने कहा कि सुर साम्राज्ञी लता मंगेशकर ने भारत के गौरव को बढ़ाया है। पूरी दुनिया में उनके आवाज की गूंज रही है। उन्होंने पूरे विश्व में भारत देश का नाम रोशन किया है। उनके जैसा न कोई हुआ है न होगा। पूरा देश उनका ऋणी है। उन्होंने देश को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाने का काम किया है। उनकी प्रतिभा भारतवासियों को प्रसाद के रूप में प्राप्त हो। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की राष्ट्रभक्ति से वह बहुत ही प्रभावित हैं। उन्हें अपना भाई मानती हैं। पीएम को उनसे जाकर जरूर मिलना चाहिए।

# ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि स्थानीय क्षेत्र पंचायत सदस्यो सहित मीडिया कर्मियो को किया सम्मानित

अयोध्या (संवाददाता ( सुरेंद्र कुमार। ब्लाक प्रमुख पद ग्रहण के पश्चात नये वर्ष मे प्रवेश करने तथा क्षेत्र की दो माह के दौरान किए विकास कार्यो को लेकर ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि सर्वेश सिंह चौहान ने पंचायत भवन महोली मे कोविड 19 का पालन करते हुए खिचडी भोज का आयोजन किया। कार्यक्रम मे शामिल कृष्ण कुमार पांडेय ने शुभारंभ करते हुए प्रतिनिधि ब्लाक, सोहावल ने सम्मानितो को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया।इस दौरान सूर्य प्रसाद श्रीवास्तव,ब्लाक प्रमुख अनिल कुमार ,नंद कुमार सिंह, करुणापति मिश्रा, अनुपम मिश्र,बलराम पाठक ,ज्वाला प्रसाद,विष्णु निषाद ,अभय सिंह, राजू तिवारी, बीर सिंह, विनोद गौड ,अरूण तिवारी, सुरेद्र कोरी,जगदंबा मिश्रा ,जनार्दन सहित स्थानीय बच्चो एव निवासियो ने खिचडी भोज मे हिस्सा लिया।

# बारहवें राष्ट्रीय मतदाता दिवस का हुआ आयोजन

अयोध्या (संवाददाता ( सुरेंद्र कुमार। भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उ0प्र0, लखनऊ के निर्देशानुसार दिनांक 25 जनवरी, 2022 को बारहवें राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन किया गया, इस वर्ष **Making Elections Inclusive Accessible and Participative** (चुनावों को समावेशी, सुगम और सहभागी बनाना) थीम निर्धारित है। राष्ट्रीय मतदाता दिवस जनपद स्तर पर जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी अयोध्या, नितीश कुमार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में वर्चुअल आयोजित किया, कार्यक्रम के शुभारम्भ में नितीश कुमार जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी के राष्ट्रीय मतदाता दिवस का बैज एवं कैप अनुप मल्होत्रा जिला स्काउट मास्टर ने लाकर कर स्वागत किया गया तद्पश्चात अनिता यादव, मुख्य विकास अधिकारी, के राष्ट्रीय मतदाता दिवस का बैज एवं कैप डॉ0 कंचलता शुक्ला, प्रवक्ता, कनौसा कानवेन्ट गर्ल्स इण्टर कालेज, अयोध्या ने लाकर कर स्वागत किया गया, कलेक्ट्रेट सभाकक्ष से जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा प्रातः 11.00 बजे सभी को गूगल मिट के माध्यम से वर्चुवअल मतदाता शपथ दिलायी गयी, उसके पश्चात् नितीश कुमार द्वारा जनपद के 10 अच्छे कार्य करने वाले बी0एल0ओ0, जनपद स्तर पर आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय एव तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र/छात्राओं को प्रशस्ति पत्र दिया गया, 25 (18–19 आयु वर्ग के) युवा मतदाताओं को यथा–अन्तिमा पटेल,ख् अमन वर्मा, रूबी शर्मा, मधु, नेहा निखिल, शिखा, श्रतिक, अरमान अली, वैभव कसौधन, सोनल वर्मा, साधुरी, आशीष चौधरी, रौशनी, माधुरी एवं विकास आदि को मतदाता फोटो पहचान पत्र वितरित किया गया। निबन्ध में प्रथम स्थान स्मृति उपाध्याय कक्षा–12बी, कनौसा कानवेन्ट गर्ल्स इण्टर कालेज, स्लोगन में प्रथम, कृतिका मौर्या कक्षा–12ए, राजकीय बालिका इण्टर कालेज, मेहदी में प्रथम स्थान अपर्णा सिंह, कक्षा–11 ए, कनौसा कानवेन्ट गर्ल्स इण्टर कालेज, रंगोली में प्रथम स्थान, आस्था निषाद, हर्षिता सिंह, ज्योति निषाद, कनौसा कानवेन्ट गर्ल्स इण्टर कालेज, अयोध्या चित्रकला में प्रथम स्थान स्वाती विश्वकर्मा कक्षा–12 डी, आर्य कन्या इण्टर कालेज, अयोध्या, पेटिंग में प्रथम स्थान खुशी कार्की कक्षा–11, मैथोडिस्ट गर्ल्स इण्टर कालेज, अयोध्या को प्राप्त हुआ, सभी के साथ सामूहिक रूप से फोटो भी करायी गयी। जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा अपने सम्बोधन में सभी को निर्वाचन के महत्व सम्बन्ध में बताया गया और निर्वाचन में अधिक से अधिक मतदान करते हुये एक अच्छी सरकार बनाने में प्रतिभाग करें और निर्वाचन के महापर्व को सफल बनायें। वर्चुचल 253 स्थानों से कार्यालय/तहसील/कालेज/शिक्षण संस्थान आदि स्थानों से गूगल मिट से सम्मिलित हुये ।दिनांकः 25 जनवरी, 2022 को राज्य स्तरीय कार्यक्रम इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान, गोमती नगर, लखनऊ में 11.30 से 12.30 बजे के मध्य होने वाले कार्यक्रम का आनलाईन सीधा प्रसारण यूट्यूब की fyaxhttp%//youtube/EbQWKSNN1iI के माध्यम से सभी को लाइव एलसीडी प्रोजेक्टर के माध्यम से उपस्थित सभी अधिकारियों कर्मचारियों छात्र/छात्राओं को दिखाया गया। इस अवसर पर श्री अमित सिंह, अपर जिलाधिकारी(प्रशासन)/उप जिला निर्वाचन अधिकारी, अपर जिलाधिकारी, कानून व्यवस्था, डॉ मुरलीधर सिंह, उप सूचना निदेशक, आर0पी0 सिंह, पी0डी0 डीआरडीए, कलेक्ट्रेट के समस्त कर्मचारी एवं जिला निर्वाचन कार्यालय के समस्त कर्मचारी आदि उपस्थित रहें। एन0जी0ओ0 इंटर नेशनल रोड सेफ्टी अवेनेशन प्रोग्राम सोसाइटी,(आई आर एस ए पी) द्वारा भी राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर सहयोग प्रदान किया गया। इसी प्रकार राष्ट्रीय मतदाता दिवस का कार्यक्रम सभी कार्यालय/ तहसील/ शिक्षण संस्थान/ महाविद्यालय/ कालेज/स्कूल एवं बूथों पर सीधा प्रसारण देखे जाने की व्यवस्था कोविड–19 को दृष्टिगत रखते हुए की गयी थी।

# इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग का सपा या कांग्रेस से हो सकता है गठबंधन–नजमुल हसन

अयोध्या (संवाददाता ( सुरेंद्र कुमार। इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि हमारा गठबंधन की बात सपा और कांग्रेस से चल रही है जैसे ही गठबंधन क्लियर होता है हम अपने प्रत्याशी उत्तर प्रदेश के विधानसभा चुनाव में उतारेंगे आज एक मुलाकात के दौरान मीडिया से बात करते हुए इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग के प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर नजमुल हसन गनी ने कहा कि हमारा गठबंधन सपा या फिर कांग्रेस से हो सकता है ,उन्होंने कहा कि जो दो परसेंट है चार परसेंट है 7 परसेंट है उससे तो पाटिया गठबंधन कर रही है लेकिन जो 20 और 22 परसेंट है उनसे पार्टियां हाथ मिलाने में गुरेज करती हैं सभी पार्टियों को मुस्लिम का वोट तो चाहिए लेकिन लेकिन उन्हें हिस्सेदारी देने से इंकार है उन्होंने उवैसी को बीजेपी का एजेंट कहे जाने के सवाल पर उन्होंने कहा कि उवैसी कोई गलत बात नहीं करते और हम उनको एजेंट नहीं मानते उन्होंने कहा कि उवैसी सत्ता में भागीदारी की बात करते हैं तो कोई गलत बात नहीं करते यह बातें सभी कर रहे हैं जिसकी जितनी संख्या उतनी उसकी भागीदारी होनी चाहिए अगर ओवैसी या इंडियन मुस्लिम लीग ऐसी बात कर रही है तो कोई गलत बात नहीं है उन्होंने बीजेपी से टूटकर समाजवादी में शामिल होने वालों को लेकर कहा कि यह सब अवसरवादी लोग हैं यह अपने फायदे के लिए कहीं भी जा सकते हैं डॉक्टर नजमुल हसन गनी ने कहा कि हम सरकार बनाने चुनाव लड़ने की बात नहीं करते हम जनता के हित की बात करते हैं हम चुनाव लड़े या ना लड़े लेकिन लेकिन हम जनता के हित की ही बात करेंगे जो लोग अपनी–अपनी पार्टियों को छोड़कर दूसरी पार्टी में जा रहे हैं वह सरकार बनाने चुनाव लड़ने की बात करते हैं जनता के हितों की बात नहीं करते।

# भूमाफिया व राजस्व अधिकारी कर रहे हेराफेरी : पक्का गांव तक नहीं बना

अयोध्या (संवाददाता ( सुरेंद्र कुमार। रामनगरी में बन रहे भव्य श्रीराम मंदिर से मात्र दो सौ मीटर दूर मांझा जमथरा में अरबों की भूमि का घोटाला किया जा रहा हैस 1984 से 2022 तक इस गाँव को अभिलेख पक्का गांव नही बनाया सका है ।जिले के जिम्मेदार अधिकारी यहां अपने लोगों को कब्जा कराने में लिप्त हैं व इसके एवज में करोड़ों कमा रहे हैं ।यह सिलसिला जिला प्रशासन व राजस्व विभाग की देखरेख में हो रहा है। माझा जमथरा में भूमि घोटाले को लेकर सरयू विकास समिति के अध्यक्ष अवधेश की ओर से की गई शिकायत के बावजूद कार्यवाही की जगह कई और इस तरह के खेल अभी जारी हैं माझा जमथरा में भूमि घोटाले को लेकर सरयू विकास समिति के अध्यक्ष अवधेश की ओर से की गई शिकायत के बावजूद कार्यवाही की जगह कई और इस तरह के खेल अभी जारी हैं फर्जी खतौनी बनाकर करोड़ो की जमीन जमथरा में बैनामा करा दिया गया। राम मंदिर के निकट होने के नाते यहां की जमीन सबसे कीमती है ।वर्तमान में भूमाफिया व सरकारी अधिकारियों की देखरेख में अरबों की जमीन की हेराफेरी हो रही है ।हाल ही में फर्जी खतौनी बनकर करोड़ो की जमीन जमथरा में बैनामा करा दिया गया। यह मामला एक माह के भीतर का है जिसमें शिकायत के बाद कार्यवाही भी नहीं हुई ।माझा क्षेत्र की सैकड़ों बीघा जमीन जिसका अभिलेखों में सीमांकन नहीं हो सका हैस इस पर धान लेकर कब्जा दिलाकर बोर्ड लगवाया जा रहा है ।देवरहा बाबा की गोशाला की जमीन जो कि एसटीपी प्लांट की जमीन नजूल की हैस इस पर सहायक अभिलेख अधिकारी भान सिंह व लेखपाल राम प्रताप यादव ने कब्जा करा दिया है ।लेखपाल की ओर से ऐसे मामलों में फर्जी खतौनी जारी किया जा रहा है। यह ऐसे खतौनी होती है जिसका जिल्द में कही उल्लेख नहीं है, इसे धड़ल्ले से बनाई जा रही हैं ।इसकी शिकायत सीएम तक हुई पर कोई कार्यवाही नहीं होने से इस काले धंधे में लिप्त अधिकारियों का मनोबल बढ़ा हुआ है ।जमीन के खातों में हेराफेरी के बाद अधिकारी बैनामा कर कब्जा करा रहे, माझा जमथरा के खेवट संख्या एक में अक्षय बीबी के नाम से 1345 फसली व 1365 फसली के अभिलेखों में महज 11 बीघा 18 बिस्वा भूमि दर्ज थी। इसमें हेराफेरी कर इस खाते में 600 बीघा भूमि दर्ज कर दी गई हैस इसी तरह जमीन के कई खातों में हेराफेरी कर लेखपाल फर्जी खतौनी बना रहे हैं और अधिकारी बैनामा कर जमीन की बाउंडरी करा कब्जा दिला रहे हैंस इस खेल के चलते ही राजस्व परिषद के कई आदेशों के बावजूद मांझा जमथरा को आज तक पक्का गांव का दर्जा नही दिया गया। इस तरह हो रहा जमीन के कब्जा करने व बेंचने का खेल, इस क्षेत्र की बेशकीमती जमीन पर कब्जे का खेल इस तरह हो रहा है कि पहले ऐसी जमीन पर नजूल विभाग अपना बोर्ड लगा देता हैस इसके बाद पैसा लेकर लेखपाल फर्जी खतौनी पेश कर देता है और राजस्व अधिकारी बैनामा कर जमीन पर कब्जा दिला देते हैं। ऐसी जमीन का सीमांकन न होने के कारण अन्य लोग चाहकर भी कुछ बोल ही नहीं पा रहे हैंस खेवट संख्या 15 के गाटा संख्या एक व 57/ 460 में क्रमशः 78 व 25 बीघा जमीन हैस फर्जी खतौनी बनाकर इसी में अभी हाल ही में 70 लाख की जमीन बेंच दी गई हैस इसकी शिकायत सरयू विकास समिति के अध्यक्ष अवधेश कुमार सिंह ने शासन–प्रशासन के अधिकारियों से लिखित रूप से की हैस पर सब तमाशबीन बने हुए हैं।

